


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 264

ग्वालियर, गुरुवार, 18 नवम्बर, 2021


■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




# भारत की संघीय व्यवस्था में 'सबका प्रयास' का बड़ा आधार हैः पीएम मोदी

## - प्रधानमंत्री ने 82वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के उद्घाटन सत्र

नई दिल्ली (ए)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज यहां 82वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित किया। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश और राज्यसभा के उपसभापति भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के लिये लोकतंत्र सिर्फ एक व्यवस्था नहीं है। लोकतंत्र तो भारत का स्वभाव है, भारत की सहज प्रकृति है। उन्होंने जोर देते हुये कहा, ÷हमें आने वाले वर्षों में, देश को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाना है। यह संकल्प 'सबके प्रयास' से ही पूरे होंगे÷ और लोकतंत्र में, भारत की संघीय व्यवस्था में जब हम 'सबका प्रयास' की बात करते हैं, तो सभी राज्यों की भूमिका उसका बड़ा आधार होती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि चाहे पूर्वोत्तर की दशकों पुरानी समस्याओं का समाधान हो, दशकों से अटकी-लटकी विकास की तमाम बड़ी परियोजनाओं को पूरा करना हो, ऐसे कितने ही काम हैं जो देश ने बीते सालों में किये हैं, सबके प्रयास से ही किये हैं। उन्होंने कोरोना महामारी के खिलाफ लड़ाई को 'सबका प्रयास' के वृहद उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री ने दृढ़तापूर्वक कहा कि हमारे सदन की परंपरायें और व्यवस्थायें स्वभाव से भारतीय हों। उन्होंने आह्वान किया कि हमारी नीतियां और हमारे कानून भारतीयता के भाव को, 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को मजबूत करने वाले हों। उन्होंने कहा, ÷सबसे महत्त्वपूर्ण, सदन में हमारा खुद का भी आचार-व्यवहार भारतीय मूल्यों के हिसाब से हो। यह हम



सबकी जिम्मेदारी है।÷प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा देश विविधताओं से भरा है। उन्होंने कहा, ÷अपनी हजारों वर्ष की विकास यात्रा में हम इस बात को अंगीकृत कर चुके हैं कि विविधता के बीच भी, एकता की भव्य और दिव्य अखंड धारा बहती है। एकता की यही अखंड धारा, हमारी विविधता को संजोती है, उसका संरक्षण करती है।÷ प्रधानमंत्री ने प्रस्ताव किया कि क्या साल में तीन-चार दिन सदन में ऐसे रखे जा सकते हैं, जिसमें समाज के लिये कुछ विशेष कर रहे जनप्रतिनिधि अपना अनुभव बतायें। अपने सामाजिक जीवन के इस पक्ष के बारे में देश को बतायें। उन्होंने कहा कि इससे दूसरे जनप्रतिनिधियों के साथ ही समाज के अन्य लोगों को भी कितना कुछ सीखने को मिलेगा। प्रधानमंत्री ने यह प्रस्ताव भी रखा कि हम बेहतर चर्चा के लिये अलग से समय निर्धारित कर सकते हैं क्या? उन्होंने कहा कि ऐसी चर्चा, जिसमें मर्यादा का, गंभीरता का पूरी तरह से पालन हो, कोई किसी पर राजनीतिक छींटाकशी न करे। एक तरह से वह सदन का सबसे 'स्वस्थ समय' हो, 'स्वस्थ दिवस' हो। प्रधानमंत्री ने 'एक राष्ट्र, एक विधायी मंच' का विचार प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा, ÷एक ऐसा पोर्टल हो, जो न केवल हमारी संसदीय व्यवस्था को जरूरी तकनीकी गति दे, बल्कि देश की सभी लोकतांत्रिक इकाइयों को जोड़ने का भी काम करे। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले 25 वर्ष, भारत के लिये बहुत महत्त्वपूर्ण हैं। उन्होंने सांसदों से आग्रह किया कि वे एक ही मंत्र को जीवन में उतारें - कर्तव्य, कर्तव्य, कर्तव्य।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में कोरोना के 24 घंटे में 6 मामले, प्रदेश में अब कुल 95 सक्रिय मामले

लखनऊ (ए)। उत्तर प्रदेश में एक दिन में कुल 1,49,918 सैम्पल की जांच हुई, जिसमें कोरोना संक्रमण के 06 नए मामले आए। प्रदेश में मंगलवार तक कुल 8,58,20,026 सैम्पल की जांच की गई। पिछले 24 घंटे में 10 तथा अब तक कुल 16,87,290 लोग कोविड-19 से ठीक हुए। प्रदेश में कोरोना के कुल 95 सक्रिय मामले। कोविड वैक्सीनेशन का कार्य निरंतर किया जा रहा है। प्रदेश में मंगलवार को एक दिन में 13,74,589 डोज दी गई। प्रदेश में मंगलवार को तक पहली डोज 10,30,31,957 तथा दूसरी डोज 3,98,95,529 लगी।मंगलवार तक कुल 14,29,27,486 कोविड डोज दी गई। कोविड संक्रमण अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ, इसलिए सभी लोग कोविड अनुरूप आचरण करे। टीकाकरण के बाद भी कोविड प्रोटोकॉल का पालन अवश्य करें। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में मंगलवार को एक दिन में कुल 1,49,918 सैम्पल की जांच हुई है। जिसमें कोरोना संक्रमण के 06 नये मामले आए हैं। प्रदेश में कल तक कुल 8,58,20,026 सैम्पल की जांच की गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में 10 तथा अब तक कुल 16,87,290 लोग कोविड-19 से ठीक हो चुके हैं। प्रदेश में कोरोना के कुल 95 सक्रिय मामले है।

### पूर्वी लद्दाख के रेजांग ला में नए सिरे से बने युद्ध स्मारक का आज उद्घाटन करेंगे रक्षा मंत्री

नई दिल्ली (ए)। केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह बृहस्पतिवार को पूर्वी लद्दाख के रेजांग ला में नए सिरे से बने युद्ध स्मारक का उद्घाटन करने वाले हैं, जहां भारतीय सैनिकों ने 1962 में चीनी सेना का वीरता से मुकाबला किया था। स्मारक उन बहादुर भारतीय सैनिकों को समर्पित है,जिन्होंने रेजांग ला की लड़ाई में अपने प्राणों की आहुति दी थी।स्मारक का उद्घाटन करने के बाद, रक्षा मंत्री क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन के साथ चल रहे सीमा विवाद की पृष्ठभूमि में सेना के शीर्ष कमांडरों के साथ सुरक्षा स्थिति की समीक्षा भी करने वाले है। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल बिपिन रावत भी अपनी लद्दाख यात्रा के दौरान रक्षा मंत्री के साथ जाने के लिए तैयार हैं। सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे रेजांग ला में कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाएंगे क्योंकि वह इजरायल की पांच दिवसीय यात्रा पर हैं।

### बॉलीवुड एक्ट्रेस से लूटेरों ने छीना पर्स, हाथापाई में घायल हुई अभिनेत्री

मुंबई, (ए)। मुंबई में बॉलीवुड की एक वरिष्ठ अभिनेत्री से लूटेरों द्वारा हैंडबैग छीनने की घटना सामने आई है। घटना उस वक्त हुई जब संबंधित अभिनेत्री दवा लेने के लिए मेडिकल स्टोर की ओर जा रही थी, तब यह हैरान कर देने वाला वाकया हुआ। उस समय बाइक से आये लूटेरों को पकड़ने के प्रयास में अभिनेत्री घायल हो गई। वर्सोवा पुलिस ने कहा कि अभिनेत्री द्वारा पुलिस से कोई आधिकारिक शिकायत नहीं की गई है। संबंधित अभिनेत्री का नाम सलामा आगा है। पुलिस के मुताबिक सलमा शुक्रवार तड़के करीब तीन बजे रिक्शा से दवा लेने अस्पताल जा रही थी. इसी दौरान वहां आए दोपहिया वाहन चालकों ने हाथ से पर्स छीन लिया और फरार हो गए। सलमा आगा के मुताबिक, अभिनेत्री ने डयूटी पर तैनात पुलिस से लूटपाट की शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन उन्हें कहा गया कि आरोपी की तलाश हम तभी करेंगे जब आप पुलिस थाना में अपनी शिकायत दर्ज करवाएंगी।

### सिंधिया की मांग पूरी, मप्र में एयरक्राफ्ट टर्बाइन फ्यूल वैट घटाकर चार प्रतिशत किया गया

भोपाल (ए)। मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार ने प्रदेश में हवाई संपर्क बढ़ाने के लिए भोपाल और इंदौर हवाई अड्डों पर विमान ईंधन एयरक्राफ्ट टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) पर मूल्य वर्धित कर (वैट) को घटाकर चार प्रतिशत कर दिया है। इस फैसले से हवाई किराए में कमी आएगी है। जनसंपर्क विभाग के अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में भोपाल और इंदौर हवाई अड्डों पर एटीएफ पर वैट 25 प्रतिशत था। मंत्रिमंडल ने इस कम करने का निर्णय लिया और अब चार प्रतिशत हो जाएगा। प्रदेश के ग्वालियर, जबलपुर और खजुराहो हवाई अड्डों, जहां एटीएफ पर 4 प्रतिशत वैट है, की तरह भोपाल और इंदौर हवाई अड्डों पर भी इस 25 प्रतिशत से घटाकर 4 प्रतिशत करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि निर्णय से प्रदेश में हवाई संपर्क बढ़ाने के अलावा पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। अधिकारी ने कहा कि कदम से विमानन कंपनियां विमान किराया कम करने, प्रदेश से और उड़ानें शुरु करने और हवाई यात्रियों को सुविधाएं देने के लिए प्रेरित होंगी। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पहले मांग की थी कि मध्य प्रदेश में एटीएफ पर वैट को एक समान चार प्रतिशत की दर पर किया जाए, ताकि उनके गृह राज्य में और उड़ानें संचालित हो सकें।

## अधूरी परियोजनाओं को तेज गति से पूरा करें : मुख्यमंत्री श्री चौहान

### कार्य में विलंब करने पर निर्माण एजेंसी पर लगाई जाएगी पेनाल्टी

### परियोजनाओं में गड़बड़ी पर निर्माण एजेंसियों पर होगी कार्रवाई

### ठेकेदारों को किया जाएगा ब्लेक लिस्टेड

### निर्माण एजेंसी और विभाग आपस में समन्वय बनाकर कार्य करें



भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में अधूरी परियोजनाओं का कार्य तेज गति से पूरा किया जाए। परियोजनाओं में विलंब एवं गड़बड़ी करने पर निर्माण एजेंसियों पर पेनाल्टी लगाकर कार्यवाही की जाएगीद्य ठेकेदारों को ब्लेक लिस्टेड किया जाएगा। परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए निर्माण एजेंसी एवं संबंधित विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मंत्रालय में प्रगति ऑनलाइन प्रोजेक्ट मैनेजमेंट फ्रेमवर्क की परियोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे।

**नई कार्य-संस्कृति का विकास करें :** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सभी विभाग मिलकर नई कार्य-संस्कृति का विकास करें। एक साथ बैठकर सभी एजेंसियाँ कार्य पूरा करने के संबंध में लक्ष्य निर्धारित करें। सभी एजेंसियाँ आपस में समन्वय बनाकर कार्य करें।

**कोठा- बैराज परियोजना :** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने विदिशा जिले की कोठा- बैराज परियोजना के कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए विलंब का कारण पूँछा। उन्होंने अप्रसन्नता व्यक्त की और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को समय पर कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

**माँ रतनगढ़ बहुउद्देशीय परियोजना :** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दतिया जिले की माँ रतनगढ़ बहुउद्देशीय परियोजना की समीक्षा के दौरान जल संसाधन विभाग पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस परियोजना के कार्य के लिए अभी तक जमीन ही ढूँढ रहे हैं, काम का यह तरीका ठीक नहीं है। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जमीन ढूँढने के कार्य में सहयोग करें। इस कार्य की एक माह बाद पुन÷ समीक्षा की जाएगी। जिस दौरान कोई विलम्ब का कोई भी कारण शेष न रहे। उन्होंने वर्ष 2022 में परियोजना अतंर्गत पानी की शुरुआत कराने के निर्देश में दिए।

**स्लीमनाबाद टनल :** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कटनी जिले में बरगी परियाजना के अंतर्गत स्लीमनाबाद टनल के कार्य में हर संभव सहयोग करने के लिए कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी कीमत पर जून 2023 तक टनल में पानी की शुरुआत कर दी जाए।

**बाण सागर समूह जल प्रदाय योजना :** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की शहडोल जिले की बाण सागर समूह जल प्रदाय योजना की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि निर्माण एजेंसी द्वारा परियोजना के कार्य में लापरवाही बरतने पर सख्?त कार्यवाही की जाएगी। बाण सागर मल्टीविलेज वाटर सप्लाई स्कीम की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि वन विभाग के कारण अनुमति का कार्य प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि समन्वय बनाकर परियोजना का कार्य पूरा किया जाए।


**अमृत जल प्रदाय योजना :** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने नगरीय विकास विभाग द्वारा इंदौर जिले की अमृत जल प्रदाय योजना की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मानव श्रम बढ़ाकर गंभीरता के साथ परियोजना के कार्य को समय पर पूरा किया जाए। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसी सिलावट, मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## किसानों की मांगों को नहीं माना गया, तब गांव में प्रचार करने नहीं देंगे किसान

चड़ीगढ़ (ए)। पंजाब में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने है।इसके बाद राजनीतिक दल अपने-अपने स्तर से इसकी तैयारी भी शुरू कर चुके हैं।पंजाब में सबसे बड़ा मुद्दा केंद्र सरकार द्वारा लाए गए तीन कृषि कानूनों का है। इन तीन कृषि कानूनों के खिलाफ पंजाब में किसान लगातार विरोध कर रहे हैं। इसी को लेकर पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने बड़ा बयान दिया है।अमरिंदर ने साफ तौर पर कहा कि केंद्र सरकार को तीनों कृषि कानूनों को वापस लेना होगा। उन्होंने कहा कि कृषि



कानूनों के विरोध में 1 साल से ज्यादा वक्त हो चुका है, समस्या का समाधान किया जाना चाहिए। अमरिंदर ने कहा कि अगर समस्या का समाधान नहीं निकाला,तब अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए गांव वाले राजनीतिक दलों को प्रचार करने की अनुमति नहीं देने वाले है।दिग्गज नेता ने कहा कि किसान संकट का हल भारत की सरकार को निकालना चाहिए। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि अगर इसका हल निकाला नहीं गया,तब पंजाब में अशांति बढ़ सकती है।




# कोरोना वॉलेंटियर को प्रशस्ति पत्र वितरण किये



मुरैना। सबलगढ़ में मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के साथ कोरोना काल में काम करने वाले मैं भी कोरोना वॉलंटियर्स को प्रशस्ति पत्र वितरण एवं बीएसडब्ल्यू स्नातक कर चुके छात्रों को डिग्री वितरण कार्यक्रम इन्दिरा गाँधी विद्यालय सबलगढ़ में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संभाग समन्वयक मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद धर्मेन्द्र सिंह सिसोदिया उपस्थित थे। साथ ही विशेष अतिथि के रूप में ब्लॉक मेडिकल ऑफ़िसर राजेश शर्मा, जिला समन्वयक मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद सतीश तोमर, ब्लॉक समन्वयक सबलगढ़ श्रीमती वन्दना सगर उपस्थित थीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिसोदिया ने बताया कि सीएमसीएलडीपी छात्रों, प्रस्फुटन समितियों, नवांकुर संस्थाओं एवं मेंटर्स द्वारा करोना वॉलंटियर्स के रूप में जो सराहनीय कार्य किया गया है। वह स्मरणीय है और अपने जीवन को दाव पर लगाकर दूसरे के जीवन को बचाने के कार्यों से बड़ा और कोई कार्य दुनियां में नहीं है। यह बड़ा कार्य कोरोना वॉलंटियर्स के माध्यम से इस कोरोना महामारी के समय में बडी ही अच्छी तरह से किया गया। प्रमाण पत्र इस कार्य के लिए दिया जाने वाला शासन का एक छोटा सा प्रोत्साहन मात्र है। चंबल की धरती वीर सपूतों की धरती है। मैं इस धरती को नमन करता हूँ और भले ही देश में उतने उपकरण कोरोना महामारी से बचाव के लिए हमारे पास नहीं थे, लेकिन हमारे सेवा, समर्पण और सूझ-बूझ से हम अपनी और अपनों की जान बचाने में सफल। हमारे लोग भले ही देर से जागते हों, लेकिन जब हमारे नागरिक जागते हैं तो वह अच्छे परिणाम लेकर ही आते हैं ऐसा मेरा अनुभव है। बीएमओ राजेश शर्मा ने सभी वोलेंटियर्स को संबोधित करते हुए कहा कि कोरोना महामारी के समय सबलगढ़ के कार्यकर्ताओं द्वारा वॉलंटियर्स के रूप में बहुत ही उत्तम कार्य किया गया। बहुत मेहनत से कार्य किया गया और मैं देश के हर उस नागरिक को कोरोना वॉलेंटियर्स मानता हूँ, जिसने धैर्य रख कर इस महामारी का सामना किया है।

सबलगढ़ अस्पताल स्वास्थ्य सेवाओं के आधार पर मध्यप्रदेश में तीसरे स्थान पर है। यह हमारे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। तदोपरांत अतिथियों द्वारा पौधारोपण किया गया एवं ब्लॉक समन्वयक श्रीमती वन्दना सगर द्वारा सभी अतिथियों, छात्र-छात्राओं, प्रस्फुटन समितियों, नवांकुर संस्था, मेंटर एवं उपस्थित गणमान्य नागरिकों का आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दिव्या शर्मा, धर्मेन्द्र राठौर, अंकुश, मोनू, महेश नारोलिया, मुकेश जाटव, भरत शर्मा एवम् अन्य सहयोगी भी उपस्थित थे।

## बच्चों को अध्ययन सामग्री वितरण कर मनाया महाआर्यमन का जन्मदिन



सबलगढ। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेंद्र मरैया द्वारा महाआर्यमन सिंधिया के जन्मदिवस के अवसर कुंड रोड हरिजन विद्यालय के छात्र-छात्राओं को महर्षि वाल्मीकि मंदिर पर कॉपी, किताब, पेन व मिठाई वितरित की। महा आर्यमन सिंधिया के जन्मदिवस के अवसर पर अध्ययन सामग्री सहित अनेक सामग्री पाकर बच्चे काफी खुश दिखे।

सामग्री वितरण के दौरान सिंधिया समर्थक राजेंद्र मरैया ने महाआर्यमन सिंधिया की दीर्घ एवं स्वस्थ आयु की कामना करते हुए कहा कि समाज के गरीब बच्चों को साक्षर बनाने के लिए आगे भी हर संभव मदद के लिए खड़े रहेंगे। इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेन्द्र मरैया के साथ भाजपा नेता त्रिलोक चौधरी, दर्शन सोनी, शरद पाराशर, दीपू सिंघल, अरविंद मंगल, सुरेश शर्मा, सौरभ सिकरवार, राहुल पाराशर, कान्हा शर्मा व शिक्षक कृष्णमोहन शर्मा, योगेंद्र शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## समाजसेवियों ने एसडीएम जोरा को यूपी सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



मुरैना। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद लोनी बॉर्डर के इंस्पेक्टर राजेंद्र कुमार त्यागी के समर्थन में जौरा में त्यागी समाज के समाजसेवियों द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन जौरा एसडीएम विनोद सिंह को सौंपा गया। 17 नवंबर को अखिल भारतीय ब्रह्मर्षि महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समाजसेवी गिर्राज त्यागी, राष्ट्रीय गालब त्यागी भूमिहार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष निकेश त्यागी द्वारा संयुक्त रुप से गाजियाबाद लोनी के इंस्पेक्टर राजेंद्र कुमार त्यागी के समर्थन में एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया। ज्ञापन में लिखा है कि इंस्पेक्टर राजेंद्र कुमार त्यागी द्वारा गौ तस्करों के विरुद्ध शक्ति की साथ की गई कार्यवाही काबिले तारीफ रही है, लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इंस्पेक्टर त्यागी को पुरस्कृत करने के बजाए उल्टे निलंबित कर दिया है। ज्ञापन में इंस्पेक्टर त्यागी का निलंबन से बहाल करते हुए गौ तस्करों के खिलाफ की गई कार्यवाही के बदले पुरस्कृत करने की भी मांग की गई है।

## श्री पंचकल्याणक महोत्सव की तैयारियां जोरों पर

**प्रशासनिक अधिकारियों को दिया निमंत्रण, व्यवस्थाओं के लिए मांगा सहयोग**



अम्बाह। जैन समाज अंबाह द्वारा 21 से 27 नवंबर तक आयोजित होने वाले श्री पंच कल्याणक महोत्सव की तैयारियां नगर में इन दिनों धूम-धाम से जारी है। जगह-जगह लोगो को आमंत्रण करने के लिए टीम भेजी जा रही है। इसी के तहत नगर के प्रशासनिक अधिकारियों को जैन समाज के लोगों ने आमंत्रण पत्र देकर व्यवस्थाओं में सहयोग मांगा। जैन समाज के लोगों ने अध्यक्ष अशोक जैन के नेतृत्व में एसडीएम राजीव समाधिया, एसडीओपी अशोक सिंह जादौन, तहसीलदार राजकुमार नागोरिया, नायब तहसीलदार मनीष दुबे, विकास भदौरिया, सीईओ सुमन चक्र चौहान एवं टीआई रविंद्र कुमार सहित फूड इंस्पेक्टर उमेश शर्मा को आमंत्रण पत्र दिया और आयोजन में व्यवस्थाओं के प्रति सहयोग भी मांगा। ज्ञात रहे कि इस आयोजन में 7 दिवस के अंदर देश भर से लगभग 50 हजार से अधिक लोग सम्मिलित होंगे, जिस हेतु आयोजन को भव्य बनाने के लिए की तैयारियां जारी हैं।

## प्रवासी पक्षियों का डेरा, अटखेलियों से गुलजार हो रही चम्बल



मुरैना। सर्दियां नजदीक आते ही हर बार चम्बल नदी प्रवासी पक्षियों की चहचहाट से गुलजार होता है। हालांकि इस बार प्रवासी पक्षियों का आगमन देरी से हुआ है इसका मुख्य कारण देरी से सर्दी पड़ना माना जा रहा है। हर साल नवम्बर माह में प्रवासी पक्षी अपने भोजन की तलाश में चम्बल पर डेरा डालते हैं। अब इनका आगमन चम्बल पर शुरू हो गया है प्रवासी पक्षियों की अटखेलियों से चम्बल सेंचुरी पर्यटकों को आकर्षित कर रही है। हर साल की तरह इस साल भी हिमालय के ये प्रवासी पक्षी वहां झील और तालाबों में वर्फ जम जाने के कारण शीतकालीन प्रवास पर भोजन की तलाश में चम्बल पर डेरा डालते हैं। अब जैसे-जैसे सर्दी बढ़ेगी वैसे-वैसे प्रवासी पक्षियों की संख्या बढ़ती जाएगी। प्रवासी पक्षियों का आना इस बात का सूचक है कि आने वाले दिनों में सर्दी बढ़ती जाएगी। ये पक्षी 12 से 15 हजार किमी का सफर तय करके हर वर्ष चम्बल पर पहुंचते हैं। इन पक्षियों में यूरोप, अफ्रीका, लेह-लद्दाक, चीन, तिब्बत, साइवेरिया, कश्मीर, अफगानिस्तान आदि स्थानों से यहां आते हैं। इन पक्षियों में वेगटेल, पैलिकन, व्हाइट नेड स्टार्क, डिमोईशियल क्रेन, पाइक्रस्टेड कुकु, वेक्टेल वर्ड, अवाविन वर्ड आदि विभिन्न प्रजातियों के पक्षी अपना डेरा चम्बल के तट पर व पेड़ों की टहनियों पर जमाने लगे हैं।

## फैशन व इतिहास का होगा खूबसूरत फ्यूजन, पोस्टर लॉन्चिंग संपन्न

**दीदार ए आगरा कैलेन्डर 2022 में होगी मुरैना आगरा की भूली बिसरी इमारतें**




मुरैना। शहर में हुआ पोस्टर लॉन्चिंग कैलेंडर शूट लॉन्चिंग का भव्य आयोजन किया गया। विदित हो कि ऐसे कार्यक्रम कलाकार के लिए आगे बढ़ने का बहुत ही अच्छा कदम है, जिससे मुरैना का पूरे देश में नाम रोशन होगा और ताजनगरी की बिसरी इमारतों को याद दिलाएगा।

मुरैना ग्रूम एंड ग्लैम सचिन पचौरी, अमित खत्री एवं आदित्य क्रिएशन आदित्य सक्सेना के सहयोग से मुरैना व ताजनगरी में पर्यटन उद्योग के साथ होटल व्यवसाय को पंख लगाने का प्रयास करेगा। दीदार ए आगरा कैलेन्डर 2022 में फैशन व इतिहास का खूबसूरत फ्यूजन उन ऐतिहासिक इमारतों पर चढ़ी समय की धूल की परतों को हटाने की कोशिश होगी, जहां कभी पर्यटकों का मेला लगा रहता था। उद्देश्य पर्यटकों तक ताजनगरी की प्रसिद्ध बेहतरीन इमारतों की खासियत को पहुंचाकर यहां रुकने के लिए प्रेरित करना है, जिससे पर्यटन उद्योग के साथ होटल व्यवसाय को भी बढ़ावा मिले। कार्यक्रम के दौरान यह जानकारी ग्रूम एंड ग्लैम की संस्थापिका पी एस गीत व निर्देशक रोबिन शर्मा ने दी। साथ ही अम्बर एडवरटाइजर्स के मालिक अमित खत्री ने बताया कि इसके लिए मुरैना आगरा शहर की 12 ऐतिहासिक इमारतों को चुना गया है। मशहूर फोटोग्राफर सचिन पचौरी जो इस कैलेंडर शूट के सहयोगी भी हैं। आगे बताते हैं कि मुरैना ताजनगरी व दिल्ली की मॉडल के साथ मशहूर फोटोग्राफर सचिन पचौरी फोटो शूट कर एक खास अंदाज में पेश करेंगे। ग्रूम एंड ग्लैम की संस्थापिका पीएस गीत बताती हैं कि मुरैना आगरा विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक इमारतों के लिए जाना जाता है और फैशन के मामले में भी तेजी से तरक्की कर रहा है। मुरैना आगरा के इतिहास के साथ हमने फैशन को जोड़ने का प्रयास किया है, जिसमें कुछ जाने मानें चेहरों के साथ नए चेहरे भी होंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से आदित्य सक्सेना रोबिन शर्मा, पी एस गीत, सचिन पचौरी श्रुति वशिष्ठ विशेष रूप से मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जनजातीय विकासखंडों में उपभोक्ताओं के घर तक पहुँचेगा अनाज : मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री राशन आपके ग्राम योजना के वाहन किए गए रवाना**

मुरैना। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राशन आपके ग्राम योजना में प्रदेश के जनजातीय बहुल 89 विकासखंड के लिए आज प्रथम चरण में 11 वाहन मंत्रालय परिसर से जिलों के लिए रवाना किए। योजना में दिसम्बर माह तक सभी जनजातीय बहुल विकासखंडों के लिए ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इस योजना के क्रियान्वयन से हमारे जनजातीय भाई-बहनों को बिना कष्ट के उनके ग्राम और घर तक आवश्यक अन्न उपलब्ध हो जाएगा। पूर्व में राशन की दुकान पर जाकर ही राशन लेना होता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस महत्वपूर्ण योजना का शुभारंभ जनजातीय गौरव दिवस समारोह के अवसर पर किया है। यह योजना जनजातीय वर्ग के कल्याण की योजनाओं में एक नवीन योजना है, जो समय, ऊर्जा और धन की बचत की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है।

**मजरों-टोलों तक पहुँचेगा अन्न वाहन**

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि योजना में जो युवक दायित्व निभा रहे हैं, वे शासकीय सेवक न होकर जनजातीय वर्ग से ही चयनित किए गए हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने डिण्डोरी के अनिल आर्मो, और मण्डला के लक्ष्मी नारायण को जंबूरी मैदान भोपाल में हुए जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में वाहनों की चाबी सौंपी थी। योजना में जनजातीय वर्ग के युवाओं को वाहन के लिए शासन द्वारा ऋण गारंटी और मार्जिन मनी देने की व्यवस्था की गई है। वाहन में तौल कांटा और सेल्समैन का प्रबंध होने से उपभोक्ताओं का हित सुनिश्चित होगा। योजना में प्रत्येक ग्राम के लिए दिन निर्धारित कर अनाज वितरण व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

**योजना एक नज़र में**

मुख्यमंत्री राशन आपके ग्राम योजना में 20 जिलों की 4 हजार उचित मूल्य दुकानों से वितरित होने वाली राशन सामग्री वाहनों द्वारा जनजातीय वर्ग के उपभोक्ताओं तक पहुँचाई जाएगी। इस व्यवस्था में 450 वाहन लगेंगे। योजना से लाभान्वित ग्रामों की संख्या 7 हजार 500 है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज योजना का क्रियान्वयन प्रारंभ करते हुए जनजातीय बहुल क्षेत्रों के लिए 12 वाहनों को हरि झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने वाहन में मंत्रियों के साथ सवार होकर अन्न वितरण व्यवस्थाओं और वाहन की उपयोगिता का जायजा भी लिया।

### कुष्ठ एक संक्रमक रोग है: सिविल सर्जन

मुरैना। सिविल सर्जन डॉ. विनोद गुप्ता ने बताया कि कुष्ठ एक संक्रमक रोग है, जिसकी पहचान शरीर पर चमड़ी के रंग से भिन्न हल्का दाग हो, जिसमें सुन्नपन हो तथा कोई संवेदना न होती हो। उन्होंने बताया कि तंत्रिकाओं में सूजन, एक से अधिक धब्बे आदि कुष्ठ रोग के लक्षण हो सकते है। ऐसा कोई लक्षण दिखाई देने पर तत्काल शासकीय अस्पताल के कमरा नंबर-42 में दिखाकर जांच करायें, जिससे समय पर पहचान होने की दशा में उपचार लेने पर कुष्ठ पूरी तरह ठीक हो जाता है।

सिविल सर्जन डॉ. गुप्ता ने अपील की है कि यह जांच शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में आशा एवं एएनएम को दिखायें, इसका उपचार सभी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्र, जिला चिकित्सालय में निःशुल्क उपलब्ध है।

### प्लेसमेन्ट ड्राइव आयोजन 18 को

मुरैना। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश निर्माण के अन्तर्गत 18 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से जिला रोजगार कार्यालय परिसर चंबल कॉलोनी मुरैना में प्लेसमेन्ट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। प्लेसमेन्ट ड्राइव में बेरोजगार आवेदकों की भर्ती के लिये 2 कंपनियों द्वारा भाग लिया जायेगा।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्लेसमेन्ट ड्राइव में जस्ट डाइल ग्वालियर और शिवशक्ति बायोटेक्नोलॉजी इंदौर द्वारा बेरोजगार युवक एवं युवतियों का चयन करेंगी। प्लेसमेन्ट ड्राइव में कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करना अनिवार्य होगा। आवेदक अपनी शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य प्रमाण-पत्रों के साथ उपस्थित होकर भाग ले सकते है।

### जिला नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक 22 नवम्बर को

मुरैना। कलेक्टर बी.कार्तिकेयन की अध्यक्षता में जिला नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक 22 नवम्बर 2021 को दोपहर 3 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में ग्राम मिरघान में आवेदक प्रबंधक नाफेड अभिषेक कुमार 2एनडी फ्लोर द्वारिका परिसर अरविन्द विहार वाघमुगलिया भोपाल शहर वृत्त भोपाल द्वारा शहद निर्माण उद्योग के लिये एवं ग्राम सुरजनपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य विभाग को भूमि आवंटित किये जाने के लिये बैठक आयोजित की गई है।

### एससी, एसटी छात्राओं के लिये नर्सिंग प्रवेश परीक्षा का निःशुल्क प्रशिक्षण एक से

मुरैना। शारदा विहार सिटी सेन्टर ग्वालियर स्थित प्रशिक्षण केन्द्र में मध्यप्रदेश की मूल निवासी एससी, एसटी छात्राओं के लिये नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2020-21 की तैयारी के लिये निःशुल्क प्रशिक्षण, कोचिंग 1 दिसम्बर से प्रारंभ की जा रही है। निःशुल्क प्रशिक्षण के लिये पात्र छात्रायें आवेदन पत्र प्रस्तुत कर प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त कर सकतीं है। संभागीय अनुसूचित जाति परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र ग्वालियर के प्राचार्य ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिये छात्राओं को कक्षा 12वीं की परीक्षा में जीवविज्ञान, अंग्रेजी विषयों के साथ कम से कम 40 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। वार्षिक आय अधिकतक 6 लाख रूपये, न्यूनतम आयु 17 वर्ष और जाति प्रमाणपत्र सक्षम अधिकारी द्वारा प्रस्तुत करना होगा। नर्सिंग प्रवेश परीक्षा में प्रशिक्षण में आवश्यक सभी विषयों में भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, जंतु विज्ञान, अंग्रेजी विषयों का नियमित अध्ययन योग्य एवं अनुभवी विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रतिदिन कराया जायेगा। अध्यापन कार्य के साथ-साथ नियमित रूप से टेस्ट पेपर भी आयोजित किये जायेंगे।

### खाद्य पदार्थो में मिलावट की गोपनीय तरीके से दर्ज करा सकते है शिकायत

मुरैना। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम संबंधी विविध कार्यो को समग्र पोर्टल पर लाने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एमआईएस पोर्टल-पोशन (पीओएसएचएएन) शुरू किया गया है। इस पोर्टल पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006, विनियम 2011 के नियमों का खाद्य कारोबारी द्वारा पालन नहीं करने व खाद्य पदार्थो में मिलावट या अनियमितता संबंधी शिकायत लोगों द्वारा गोपनीय तरीके से दर्ज करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके लिए आम नागरिक उचकिंउपेण्पद पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इस अधिनियम की धारा 31 के तहत सभी खाद्य कारोबारियों को पंजीयन कराना व खाद्य लायसेंस लेना अनिवार्य है।

# मुख्यमंत्री शिवराज सिंह से आज भोपाल में मिले मंत्री तुलसीराम सिलावट'



पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड, 9826576206

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**एमवाय हॉस्पिटल में लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री श्री चौहान से किया आग्रह**

भोपाल/इंदौर। जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने आज भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट की। उन्होंने इंदौर में महाराजा यशवंतराव होलकर चिकित्सा महाविद्यालय के अंतर्गत विभिन्न प्रस्तावित कार्यों की जानकारी दी और आग्रह किया कि मुख्यमंत्री श्री चौहान इन कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करें। उन्होंने कहा कि मालवा-अंचल का यह अस्पताल आम आदमी की चिकित्सा के लिए एक लोकप्रिय एवं उपयोगी अस्पताल है। यहाँ विभिन्न तरह के उन्नयन संबंधी कार्य प्रस्तावित है।

**लोकार्पण हेतु प्रस्तावित कार्यक्रम**

जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने मुख्यमंत्री श्री चौहान को बताया कि इंदौर के महाराजा तुकोजीराव होलकर हॉस्पिटल पूर्व में 120 बेड का हॉस्पिटल था, जिसमें नवीन हॉस्पिटल का निर्माण किया गया हैं। जिसकी कुल बेड क्षमता 450 है। इसमें से 16 बेड का आई.सी.यू., 60 बेड का बच्चो के लिये एस.एन.सी.यू., 350 बेड का जनरल वॉर्ड एवं 24 बिस्तर प्राइवेट रूम के रहेंगे। इस हॉस्पिटल में ओबएसटी एंड गाइनेकोलॉजिस्ट, न्यू बोर्न, (महिला, जच्चा एवं बच्चों) के उपचार हेतु 450 बेड व्यवस्था रहेगी साथ ही यहाँ पर नवजात शिशुओं के लिए मदर मिल्क बैंक भी बनाया गया हैं। मध्यप्रदेश शासन द्वारा महाराजा तुकोजीराव होलकर हॉस्पिटल इन्दौर के उन्नयन के ऊपर 50 करोड़ रुपये का व्यय किया गया हैं। उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय से सम्बद्ध सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल इन्दौर में स्थापित नवीन कार्डियक कैथ लैब का लोकार्पण किया जाना है, जिसकी लागत 6 करोड़ 42 लाख रुपये हैं। कैथ लैब की आधुनिक मशीन सीमेन्स कम्पनी की है, यह एक बाईप्लेन मशीन है जिसमें कार्डियक एन्जियोग्राफी, एन्जियोप्लास्टी, हृदय विकार, पेस मैकर के साथ-साथ न्यूरोलॉजी से सम्बंधित उपचार भी किये जा सकते हैं। स्पेशिलिटी हॉस्पिटल इन्दौर में स्थापित नेफ्रोलॉजी विभाग के साथ नवीन डायलिसिस यूनिट का लोकार्पण किया जाना है जिसकी अनुमानित लागत 61 लाख रुपये हैं। सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के नेफ्रोलॉजी विभाग में डायलिसिस की सुविधा का आरंभ प्रारंभिक तौर पर छः अत्याधुनिक मशीनों के प्रयोग से किडनी रोगों के मरीजों का उपचार किया जाएगा। तत्पश्चात, रिवर्स ओसमोसिस टैंक की भंडारण क्षमता को बढ़ा कर अधिकाधिक रोगियों को लाभान्वित करने का प्रयास किया जाएगा। हीमोडियालीसिस से इतर पेरिटोनियल डायलिसिस हेतु एक कक्ष आरक्षित किया गया है एवं किडनी बाओप्सी जैसी अन्य नेफ्रोलॉजी संबंधित सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं।

**सी.एस.आर. मद से भी मिला दान**

सेम्संग कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा कॉर्पोरेट सोशल रेस्पोंसिबिलिटी के माध्यम से एक अत्याधुनिक सोनोग्राफी/कलर डॉपलर मशीन एमवाय हॉस्पिटल को दान की गई है। इस मशीन से गंभीर रोगो का अत्याधुनिक तरीके से परीक्षण किया जा सकेगा एवं मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस मशीन की लागत 1.5 करोड है यह एक अत्याधुनिक सोनोग्राफी/कलर डॉपलर मशीन हैं।

महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय से सम्बद्ध एमवाय हॉस्पिटल इन्दौर में स्थापित नवीन अत्याधुनिक वातानुकूलित मुर्दाघर (मोर्चरी) का लोकार्पण जाना है। वातानुकूलित मुर्दाघर निर्माण होने से दुर्गन्ध में कमी आयेगी एवं प्रकाश की उचित व्यवस्था रहेगी। पूर्व में केवल 16 शव रखने की व्ययवस्था थी जिसे बढ़ाकर 48 शव रखने की व्यवस्था की गई है। 32 शव रखने का कोल्ड चैम्बर कक्ष बनाया गया है जो की हाईड्रोलिक मौर्चरी डेड बॉडी लिफ्टर ट्राली के साथ है। इसमें हर रैक में 4 शव रखे जा सकते हैं। ऐसे 8 रैक्स स्टेनलैस स्टील की स्लाईडीगं ट्राली के साथ बनाए गए हैं।

## संविधान बचाओ, देश बचाओ अभियान

**संविधान बचाओ - देश बचाओ सम्मेलन' लखनऊ में 12 दिसंबर को होगा**

आगरा। 'संविधान बचाओ, देश बचाओ' अभियान कार्यक्रम के संयोजक एवं राष्टीय संचालन समिति के सदस्य अरुण श्रीवास्तव ने आगरा में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा देश पर थोपी जा रही नीतियों के चलते लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता के मूल्य खतरे में पड़ गए हैं । गैर बराबरी, बेरोजगारी, महंगाई चरम पर है। सार्वजनिक संपत्ति को मिट्टी के दाम पर चंद घरानों को बेचा जा रहा है। 356 दिन से चल रहे किसान आंदोलन में 700 से अधिक किसान शहीद हो चुके हैं, लेकिन सरकार सुनवाई करने को तैयार नहीं है। किसान ,किसानी और गांव को नष्ट कर सरकार

किसानों की जमीन और खेती को अडानी - अम्बानी को सौंपने को आमादा है । चार श्रम कानूनों को समाप्त कर चार लेबर कोड देश के मजदूरों पर थोपे जा रहे हैं। समाज में साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण की राजनीति को थोपा जा रहा है तथा अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने वालों पर फर्जी मुकदमे लगाकर जेल में डाला जा रहा है। *ऐसी परिस्थितियों में संविधान और देश को बचाने के लिए संपूर्ण विपक्ष का एकजुट होना आवश्यक है। अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि %संविधान बचाओ, देश बचाओ अभियान% में आगामी 12 दिसंबर को रविंद्रालय, लखनऊ में संविधान बचाओ, देश बचाओ सम्मेलन आयोजित किया है। जिसमें उत्तर प्रदेश में % *भाजपा हराओ -उत्तर प्रदेश बचाओ*% अभियान की शुरुआत की जाएगी। कार्यक्रम के संयोजक अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि %संविधान बचाओ, देश बचाओ% अभियान के तहत उत्तर प्रदेश के जिस जिले में बैठक आयोजित की जा चुकी है तथा आज आगरा में हुई बैठक में आगरा मंडल में अभियान को जोर - शोर से चलाने की रणनीति तय की गई। उन्होंने कहा कि *यदि विपक्ष एकजुट नहीं होगा तो उत्तरप्रदेश के मतदाता बंगाल के मतदाताओं की तरफ एकजुट होकर जनविरोधी योगी सरकार को हटाएगी। अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि 29 अगस्त को कांस्टीट्यूशन क्लब, दिल्ली में संविधान बचाओ, देश बचाओ सम्मेलन आयोजित कर 15 सूत्रीय न्यूनतम साझा कार्यक्रम तय किया गया है, जिसके आधार पर विपक्षी एकता कर देश को बचाया जा सकता है।

## मंगलम वेयरहाउस में रखे हुए धान की हुई नीलामी



पुष्पांजली टुडे। गोहद मंगलम वेयर हाउस एचाया रोड पर किसानों का गेहूं धान मटर आदि रखा हुआ था जिसमें संचालक किसानों का एवं बैंकों का पैसा लेकर गायब हो गया था जिस पर किसानों ने एवं बैंकों ने एफ आई आर दर्ज कराई थी मामला कोर्ट में चला जहां से संचालक द्वारा किसानों का पैसा दे दिया गया और बैंकों से भी समझौता किया जिस कारण सभी ने कोर्ट में शपथ पत्र पेश कर राजीनामा किया और कोर्ट ने संचालक को बरी कर दिया लेकिन कुछ बैंकों का पैसा शेष रहा जिसमें यूको बैंक शामिल है जिसके लिए आज धान की नीलामी एसडीएम शुभम शर्मा के निर्देशन में हुई जिसमें महिला का गृह उद्योग श्रीजी एग्रो एवं दिव्य इंटरप्राइजेज आदि ने बोली में हिस्सा लिया और महिला गृह उद्योग बारांबांकी द्वारा नीलामी की बोली स्वीकार की गई जिसे 21 लाख 22 हजार ?51 में बोली को अंतिम रूप दिया गया।

## नपा की लापरवाही से दलदल भरे कीचड़ से निकलने को मजबूर हैं नगरवासी



पुष्पांजली टुडे गोहद। वार्ड क्रमांक 17 सुमेर कॉलोनी गोहद चौराहा भिण्ड रोड पर बच्चों के प्राइवेट स्कूल होने के बावजूद भी यहां आने जाने वाले बच्चे एवं नगर वासी दलदल भरे कीचड़ से निकलने को मजबूर है वार्ड वासियों के द्वारा नगर पालिका परिषद में कई बार लिखित मौखिक शिकायतें की गयीं परन्तु नगर पालिका प्रशासन के द्वारा आज तक समस्या का कोई समाधान नहीं किया गया इसी को लेकर आज युवा नेता केदार कौशल के नेतृत्व में मुख्य नगरपालिका अधिकारी के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया है कि सुमेर कॉलोनी वार्ड क्रमांक 17 के रहवासियों के द्वारा कई बार लिखित व मौखिक शिकायतें करने के बावजूद भी आज तक कोई समाधान नहीं किया गया। ज्ञापन देते समय मुख्य नगरपालिका अधिकारी सतीश कुमार दुबे से हुई फोन पर चर्चा के दौरान केदार कौशल ने कहा कि करीब 1 वर्ष होने को आया है वार्ड क्रमांक 17 सुमेर कॉलोनी की गलियों में दलदल व कीचड़ भरा हुआ है जिसमें स्कूल भी हैं जिनमें पढ़ने वाले बच्चे कीचड़युक्त दलदल में होकर निकलते हैं बच्चों को डेंगू जैसा खतरा उत्पन्न हो रहा है बीमारियां फैल रही हैं रोड बनाने वाले ठेकेदार के द्वारा ठेका लिए हुए करीब 6 महीने से अधिक हो चुके हैं ठेकेदार ऊंची पहुंच के चलते बिना कार्य किए पैसे डकारना चाहता है। ठेकेदार कई बार लोगों से कहता फिरता है कि मैंने रोड बना दी अब नगर पालिका से भुगतान करवाना है। जिस पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने कहा कि ठेकेदार से बात कर सोमवार तक कार्य शुरू कराने का प्रयास किया जाएगा।

जिस पर वार्ड वासियों ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी से कहा कि सोमवार तक कार्य शुरू नहीं किया गया तो सभी वार्डवासी नगरपालिका के सामने धरने पर बैठ जाएंगे। ज्ञापन नगर पालिका परिषद के मुख्य लिपिक बनवारी लाल गुप्ता को मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम से सौंपा गया। ज्ञापन सौपते समय केदार सिंह कौशल, प्रेम सिंह, विनय सोनी, रामचरण बाबा, आनंद, पंकज खन्ना, राम रतन, बहादुरफोजी, विजय पारस, मुरारी लाल, एसके चौरसिया, सहित एक सैकड़ा लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### धामली में प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत शिविर का हुआ आयोजन

**आमजन कोविड़ 19 गाइडलाइन की पालन करें। उपखंड अधिकारी मारवाड़**



पुष्पांजली टुडे, नेनाराम सिरवी। पाली।प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत मारवाड़ उपखंड के ग्राम पंचायत धामली में शिविर का आयोजन किया गया। सरपंच कुकली देवी ने शिविर में लोगों को अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की बात कही। ओरआमजन से कोराना टीकाकरण अभियान में ज्यादा से ज्यादा कोराना टीके लगाने की अपील की गई।मारवाड़ उपखंड अधिकारी ने शिविर में उपस्थित लोगों से मास्क लगाने एवं सामाजिक दूरी रखने की अपील की। शिविर में कई जन समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया गया जिसमें ग्राम वासियों ने प्रशासन का आभार व्यक्त किया। शिविर में 97 पट्टे जारी किए गए। प्रशासन गांवों के संग शिविर में तहसीलदार विकास अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी कार्मिक पंचायत कार्मिक मौजूद रहे।

### सोडावास में प्रशासन गांवों के संग शिविर का आयोजन

पुष्पांजलि टुडे नेनाराम सिरवी। पाली। राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार पाली उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोडावास राजकीय विद्यालय प्रांगण में 18 नवंबर 2021 को प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर प्रभारी पाली उपखंड अधिकारी आईएएस देसल दान के अध्यक्षता में शिविर का शुभारंभ किया जाएगा। सरपंच राधा देवी सिरवी ने बताया कि प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत ग्राम पंचायत सोडावास में शिविर आयोजित किया जाएगा।

## भागवत कथा में राजा ध्रुव चरित्र प्रसंग को बताया



**खौड मे भागवत कथा मे नृसिंह भगवान व सूरदास की बताई झांकियां**

पुष्पांजली टुडे नेनाराम सिरवी। खौड गांव के नृसिंह द्वारा मंदिर प्रांगण मे श्रीमद् भागवत कथा व नानी बाई का मायरा के आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। कथावाचक संत राम गोपाल महाराज जोधपुर ने बुधवार को राजा ध्रुव के चरित्र प्रंसग के बारे में विस्तार से बताया। कथा के दौरान रात्रि में नानी बाई का मायरा लिखा गया साथ ही नृसिंह भगवान व सूरदास की विभिन्न प्रकार की झांकियां बताई गई। कथा दो सत्र में दोपहर व शाम को आयोजित की जा रही जिसमें बड़ी संख्या श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कथा में रामनिवास माली, बाबूलाल सैन, हेमंत मारवाड़ी द्वारा शानदार झांकियां प्रस्तुत की जा रही है। इस मौके पर सरपंच दुर्गा दाधीच, पूर्व सरपंच रुपेश दाधीच, उपसरपंच मालमसिंह मेड़तिया, मुकेश सीरवी, रमेश कुमार जैन, महेश दाधीच, दुर्गेश चौहान, चुन्नीलाल वैष्णव, हंसराज सोनी, रमेश चौधरी आदि मौजूद रहे।

## पॉक्सो एक्ट 2012 एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित

**नीरज त्रिपाठी, दैनिक पुष्पांजली टुडे। भिण्ड (ब्यूरो)।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अब्दुल गफ्फार खान के मार्गदर्शन में केन्द्रीय विद्यालय भिण्ड में किशोर न्याय अधिनियम 2015 तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट) 2012 एवं बेटी बचाओ बेटी प?ाओ योजना के तहत प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से उपस्थिति बाल संरक्षण अधिकारी श्री अजय सक्सैना द्वारा छात्रों को पॉक्सो एक्ट के बारे में जानकारी देते हुए अवगत कराया कि किसी भी घटना को छुपायें नहीं और ना ही अनदेखा करें अपितु तत्काल रिपोर्ट करें। कार्यक्रम में उपस्थिति स्कूल के अध्यापकों से अपेक्षा की गयी कि बच्चों से प्राप्त होने वाली शिकायतें अथवा सुझाव को अनदेखा न किया जाकर उनके समाधान पर कार्य किया जाये। क्योंकि कानून में अपराध को छुपाना भी अपराध है। साथ ही यह भी अपेक्षा की गयी कि बच्चों के व्यवहार पर सतत् निगरानी रखी जाये, जिससे भविष्य में होने वाली बड़ी घटनाओं से बचा जा सकता है। यदि किसी बच्चे के व्यवहार में असामान्य परिवर्तन परिलक्षित होता है तो तत्काल बच्चे से बात करें उसकी काउन्सलिंग करें। और आवश्यकता प?ने पर महिला एवं बाल विकास विभाग, बाल कल्याण समिति, चाईल्ड लाईन अथवा पुलिस की सहायता ली जा सकती है। कार्यक्रम में आगे अवगत कराया गया कि कभी भी किसी सुनसान जगह पर नहीं जायें, जहाँ तक सम्भव हो सके 2-3 बच्चों के समूह में रहें। और हमेशा सामान्य रास्ता (भी?भा? वाले) का चुनाव करें। शोर्टकट न देखें।

## कलाली में 251 परिवारों को शिविर में मिला पट्टों का लाभ

### शिविर के दौरान उमड़ी भारी भीड़

**महिला अधिकरिकता विभाग की तरफ से सात नवजात बालिकाओं का केक काटकर जन्मदिन मनाया साथ ही दो गर्भवती भराई गोद**

**पुष्पांजलि टुडे नेनाराम सिरवी, पाली।** रोहट उपखंड क्षेत्र के कलाली ग्राम पंचायत मुख्यालय पर मंगलवार को प्रशासन गांवों के संग शिविर प्रधान सुनीता कंवर राजपुरोहित व एसडीएम सुरेश केएम के सानिध्य में आयोजित हुआ। कलाली सरपंच अशोक मेघवाल ने शिविर की अध्यक्षता की। एसडीएम सुरेश केएम के अनुसार शिविर में नाम शुद्धिकरण, खातों के विभाजन, जाति मूल व हैसियत के प्रकरण, नामान्तरण संबंधी प्रकरण व राजस्व रिकॉर्ड प्रतिलिपि के सहित अन्य प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया। विकास अधिकारी गौरव विश्नोई ने बताया कि 251 पट्टे जरूरतमंदों को वितरित किए गए। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के मनरेगा जॉब कार्ड के प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत-शौचालय, नरेगा के - मोबाईल अपडेशन व कई जनों को ई-श्रमिक कार्ड के बारे में अवगत कराया। साथ ही अन्य कार्यों का भी निस्तारण किया गया।

## शिवपुरी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में मिला चोरी का सामान, जिसकी कीमत लगभग ढाई करोड़ रुपए हो सकती है

**मेनेजर ने ढाई करोड़ रुपए की संपत्ति होने का किया दावा**

पुष्पांजली टुडे, शिवपुरी। इस वक्त की सबसे बड़ी खबर शिवपुरी के शिवपुरी पब्लिक स्कूल से आ रही है जहां शिवपुरी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में गैनन डनकर्ली प्रायवेट लिमिटेड नाम की कंपनी की क्रेशर जो टूटी हुई अवस्था में पाया गया है, जो मरौरा खालसा की पहाड़ी से कार्य के दौरान चुराई गई थी। जो एसपीएस स्कूल के प्रांगण में मिली।

पूरा मामला यह है कि, गैनन डनकर्ली प्रायवेट लिमिटेड द्वारा यहां शिवपुरी जिले में चार रोड निर्माण कार्य कर रही थी जिसमें सिंह निवास खुरई रोड का निर्माण था जिसमें कंपनी का क्रेशर मारो रा खालसा पहाड़ी पर स्थित था। 1 नवंबर को चंद्रभान सिंह सिसोदिया जो करैरा का निवासी एवं अमित जाट जो कि शिवपुरी का निवासी है दोनों लोग 12-14 आदमी तथा हाइड्रा एवं 5 - 6 लोडिंग ट्रक लेकर क्रेशर को खोलना शुरू कर दिया तथा वही फरियादी ने बताया कि चौकीदार द्वारा अवगत कराया कि दोनों व्यक्ति उक्त क्रेशर को खोल रहे हैं वहीं आपको बता दें कि प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया की वह दिवाली की छुट्टी पर अपने घर पर था। वहीं 16 तारीख को प्रोजेक्ट मैनेजर अपने स्टाफ अनुराग तिवारी और ड्राइवर सौरभ केवट के साथ क्रेशर पर गया जहा पर चंद्रभान सिंह




सिसोदिया तथा अमित जाट 10 - 15 आदमियों के साथ तथा हाइड्रा जेसीबी लोडिंग ट्रक गैस कटर से क्रेशर को काटकर लोड कर रहे थे। जब प्रोजेक्ट मैनेजर के माना करने के बाद उक्त लोगो ने 1 घंटे तक प्रोजेक्ट मैनेजर और स्टाफ के मोबाइल छीनकर और सभी को गाड़ी में बिठाकर रखा। और बाद ने बेराड़ थाना जाकर उसने पूरे घटना क्रम की जानकारी दी।

वहीं आपको बता दें की प्रोजेक्ट मैनेजर राजकुमार शर्मा को शाम 6 बजे ज्ञात हुआ कि उसका क्रेशर जो की शिवपुरी पब्लिक स्कूल फाहतेपुर रोड पर रखा हुआ है और आपको बता दें कि जब राजकुमार शर्मा ने वहां जाकर देखा तो क्रेशर, लोडिग गाड़ी तथा जनरेटर वहीं मौजूद है।

वहीं जब कोतवाली थाना प्रभारी सुनील खेमरिया से बात की तो बताया की यह कम्पनी की क्रेशर है जिसमे एक फर्म को दी थी जिसमे दो पार्टनर शामिल है जिनके बीच पैसों का लेनदेन का मामला है जिसमे अभी कुछ सामने निकलकर नही आया है जैसे ही जानकारी निकलती है तो मामले में दोषियों के खिलाफ सक्त कार्यवाही की जाएगी।

**राजकुमार शर्मा (प्रोजेक्ट मैनेजर)**

## संपादकीय

# चीन को दो टूक

हाल के वर्षों में पहली बार भारत ने अपने सख्त बयान में चीन को चेताया है कि भारत किसी भी सूरत में चीन के अवैध कब्जे और सीमा को लेकर उसके अनुचित दावों को स्वीकार नहीं करेगा। अमेरिकी रक्षा विभाग, पेंटागन की एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि अरुणाचल प्रदेश सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा से लगे एक विवादित क्षेत्र में चीन ने एक बड़ा पक्का गांव बनाया है। इस पर पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया में भारत ने चीन को दो टूक शब्दों में अपनी यह बात कही। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत अपनी सुरक्षा पर प्रभाव डालने वाले सभी घटनाक्रमों पर निरंतर नजर रखता है। इसके साथ ही अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिये सभी आवश्यक कदम उठाता है। वहीं दूसरी ओर सरकार का कहना है कि राजनयिक स्तर पर पूरी मजबूती के साथ इस तरह की गतिविधियों के प्रति अपना विरोध दर्ज कराया गया है और भविष्य में हम ऐसा ही करेंगे। वहीं भारत का यह भी कहना है कि सीमावर्ती इलाकों में जहां चीन ने दशकों से कब्जा कर रखा है, उन क्षेत्रों में उसने कुछ निर्माण भी किया है, तो उसे हम स्वीकार नहीं करते। दरअसल, हाल ही में चीन ने अपने साम्राज्यवादी मंसूबों को पूरा करने के लिये नया विवादित सीमा कानून पारित किया है। आशंका है कि नये सीमा कानून की आड़ में वह इस निर्माण को स्थायी सैन्य शिविर में न तबदील कर दे। कहा जा रहा है कि जिस विवादित इलाके में चीन ने गांव का निर्माण किया है, उसके पास ही 1962 के युद्ध के दौरान भारत की अंतिम पोस्ट हुआ करती थी। कालांतर में इलाका विवादित घोषित होने के बाद भारतीय सेना की स्थिति में बदलाव किया गया था। हालांकि, भारतीय सेना की तरफ से कहा जाता रहा है कि चीन का बुनियादी ढांचे का निर्माण एलएसी में चीन के अधिकार क्षेत्र में हुआ है। यह सर्वविदित है कि अरुणाचल प्रदेश पर चीनी की टेढ़ी नजर दशकों से रही है और वह इसे तिब्बत के विस्तार के रूप में बताता रहा है। चीन गाहे-बगाहे भारतीय राजनेताओं के अरुणाचल जाने पर तल्ख प्रतिक्रिया देता रहा है, जिसे भारत ने सदा खारिज ही किया है। इस साल जनवरी में कुछ सैटेलाइट तस्वीरों के हवाले से दावा किया गया था कि चीन ने अरुणाचल प्रदेश में भारत के नियंत्रण वाले इलाकों में पक्के घरों वाला एक गांव बसाया है। तब विदेश मंत्रालय ने कहा था कि वह खबरों पर नजर बनाये हुए है। बताया जाता है कि सारी चू नदी के तट का यह इलाका वर्ष 1962 के युद्ध में हिंसक संघर्ष का प्रत्यक्षदर्शी रहा है। ऐसा भी नहीं है कि विषम भौगोलिक जटिलताओं वाले निर्जन इलाकों की सुक्षा को लेकर भारत सजग नहीं है। भारत ने इस इलाके में बड़े पैमाने पर सड़कों, सुरंगों, पुलों और रेल सेवा के विस्तार की दिशा में सार्थक प्रयास किये हैं ताकि सेना की आपूर्ति को सुगम बनाकर सुरक्षा की किसी भी चुनौती से मुकाबला किया जा सके। इसके साथ ही लद्दाख व अरुणाचल प्रदेश क्षेत्र में सशस्त्र सेना की तैनाती को बढ़ाया गया है। अब इस इलाके में आधारभूत संरचना निर्माण में तेजी लाने से सेना की एलएसी पर पहुंच आसान व समय रहते हो पायेगी। साथ ही सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले भारतीयों को भी इन विकास कार्यों का लाभ मिलेगा। दरअसल, पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल प्रदेश और तिब्बत के बीच के इलाके को मैकमोहन रेखा विभाजित करती है। लेकिन चीन इस पर ईमानदार नजर नहीं आता। वहीं कुछ अंतर्राष्ट्रीय मामलों के जानकार मानते हैं कि संभवतः चीन इस्राइल जैसी रणनीति अपना रहा है। इस्राइल भी गाजा पट्टी में पहले इसी तरह के भवन बना देता है और फिर उस इलाके में आबादी को बसा देता है। जिसका लगातार फिलस्तीन की तरफ से विरोध किया जाता रहा है। यद्यपि आम लोगों में यह जानने की उत्सुकता बनी रहेगी कि गांव का निर्माण चीन नियंत्रित क्षेत्र में है या भारतीय क्षेत्र में। बहरहाल, चीन को अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के

# योगी की राजनीतिक जमीन सींचता विपक्ष

**अवधेश कुमार**

उत्तर प्रदेश के राजनीतिक परिदृश्य पर नजर दौड़ाइए तो विधानसभा चुनाव के संदर्भ में कई रोचक तस्वीरें दिखाई देंगी। भाजपा अपने मुद्दों के साथ योजनाबद्ध तरीके से सक्रिय है। मजे की बात है कि विपक्षी दल भी ऐसे मुद्दे उठा रहे हैं जो भाजपा के लिए ज्यादा अनुकूल हो जाते हैं। ताजा मामला सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा महात्मा गांधी, सरदार पटेल, जवाहरलाल नेहरू के समकक्ष मोहम्मद अली जिन्ना को खड़ा करने का है। उन्होंने कह दिया कि सभी एक ही संस्थान से पढ़े, बैरिस्टर बने और आजादी के संघर्ष में भाग लिया। यह समझ से परे है कि जिस जिन्ना को आम भारतीय खलनायक के रूप में देखता है, उनका इन महापुरुषों के साथ नाम लेने की क्या आवश्यकता थी?

अखिलेश को भी पता है कि जिन्ना भारत विभाजन के सबसे बड़े खलनायक थे। भाजपा के लिए विपक्ष द्वारा ऐसे मुद्दे मुंहमांगा वरदान साबित होते हैं। भाजपा किसी न किसी रूप में जिन्ना का नाम पूरे चुनाव तक जिंदा रखेगी। क्या अखिलेश भूल गए थे कि मतदाताओं के दूसरे समूह में इसके विरुद्ध प्रतिक्रिया भी हो सकती है? तो अखिलेश ने बिना बुलाए भाजपा के अभियान की तरकस में जिन्ना नाम का एक तीर दे दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसे मुस्लिम तुष्टीकरण का शर्मनाक नमूना बताते हैं तो उन्हें कैसे गलत कहा जाएगा? असदुद्दीन ओवैसी को भी कहना पड़ा कि अखिलेश रणनीतिकारों को बदलें। यह कोई पहली घटना नहीं है। अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण संघ परिवार और भाजपा के एजेंडे में रहा है। उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद केंद्र एवं प्रदेश सरकार ने निर्माण में तेजी ला दी तथा व्यवस्थित तरीके से कार्य आगे बढ़ रहा है। इसमें कोई भी पार्टी चुनाव पूर्व अयोध्या की यात्रा करती है, श्री राम का दर्शन करती है और कहती है कि वह परम भक्त है तो भाजपा किस रूप में भुनाएगी, इसकी कल्पना की जा सकती है। सपा, कांग्रेस और बसपा तीनों पर योगी आदित्यनाथ, अमित शाह सहित सारे नेता यह कहते हुए हमला करते हैं कि ये चुनावी राम भक्त हैं।

कोई नेता अयोध्या जाए, राम का दर्शन करे, स्वयं को निष्ठावान हिंदू कहे, इसमें समस्या नहीं है लेकिन चुनावी दृष्टि से देखें तो इस पायदान पर भाजपा सबसे ऊंचाई पर दिखाई देगी। आखिर मंदिर निर्माण का फैसला आने से पहले ही योगी सरकार ने अयोध्या के पुनर्निर्माण की योजना बनाकर काम शुरू कर दिया था। अयोध्या दीपोत्सव महिमामंडित त्योहार के रूप में स्थापित किया गया। अयोध्या में श्रीराम की विशालकाय मूर्ति स्थापित हुई। फैजाबाद का नाम बदलकर अयोध्या रखा गया। धीरे-धीरे वाराणसी के समान अयोध्या को प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विख्यात करने की कोशिश हुई और उसमें काफी हद तक सफलता मिली। केंद्र सरकार ने रामायण सर्किट की शुरुआत कर अयोध्या को मुख्य केंद्र में रख दिया। इसमें विपक्ष भाजपा से कहां बाजी मार सकता है? पश्चिम बंगाल चुनाव के बाद विपक्ष में धारणा यह बनी है कि ममता बनर्जी ने स्वयं को निष्ठावान हिंदू साबित किया और इसका असर मतदाताओं पर पड़ा। यहां केवल इतना ही कहना पर्याप्त होगा कि बंगाल का चुनावी माहौल, सामाजिक- धार्मिक समीकरण अलग था। करीब 30 प्रतिशत मुस्लिम वोट तथा बड़े पैमाने पर वामपंथी सोच के मतदाताओं के रहते भाजपा के लिए तृणमूल को पराजित करना आसान नहीं था।

पिछले चुनाव में भी अखिलेश ने अंकोरवाट की तर्ज पर विष्णु मंदिर बनाने की घोषणा कर दी। मतदाता उस समय प्रभावित नहीं हुए तो आज कैसे हो जाएंगे? भाजपा याद दिला रही है कि कांशीराम, मायावती और बसपा हिंदू देवी-देवताओं के बारे में कैसी बातें करते थे? हर पार्टी ब्राह्मण सम्मेलन कर रही है। आप ब्राह्मणों के बीच जाकर उनके मुद्दे उठाएंगे तो भाजपा भी अपने कामों को सामने रखेगी और तुलना होगी। वाराणसी, अयोध्या, विंध्याचल, प्रयागराज और दूसरे धार्मिक-सांस्कृतिक रूप से प्रमुख स्थलों पर भाजपा को घेरना विपक्ष के लिए आत्मघात जैसा है।

# जनादेश से उपजे परिदृश्य के निष्कर्ष

**राजकुमार सिंह**

**मौसम की तरह मिजाज बदलने वाले राजनेता भले ही जनता को भरमाने के भ्रम में रहें, पर हालिया उपचुनाव के परिणाम बताते हैं कि जनता ही वास्तव में जनार्दन है। पिछले दिनों हुए तीन लोकसभा और 29 विधानसभा उपचुनावों के परिणाम दरअसल राजनीतिक दलों-नेताओं का भ्रम दूर करने वाले हैं। कोई भी दल-नेता हर जगह समान भाव से मतदाताओं का आशीर्वाद मिलने का दावा नहीं कर सकता। कहीं मतदाताओं ने सत्तारूढ़ दल में अपना विश्वास बरकरार रखा है तो कहीं उसे पूरी तरह नकार दिया है।**

एक ही समय अलग-अलग राज्यों में हुए इन उपचुनावों के अलग-अलग परिणामों का विश्लेषण आसान नहीं है। इसलिए किसी निष्कर्ष पर पहुंच पाना तो और भी मुश्किल है। हरियाणा से ही बात शुरू करें। तीन विवादास्पद कृषि कानूनों के विरोध में जारी किसान आंदोलन के समर्थन में इनेलो के एकमात्र विधायक अभय चौटाला के इस्तीफे के चलते ऐलनाबाद विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव की नौबत आयी। उपचुनाव हुआ तो अभय चौटाला को मैदान उतरना ही था। 2019 में हुए चुनाव में ऐलनाबाद में भाजपा के पवन बैनीवाल दूसरे स्थान पर रहे थे और कांग्रेस के भरत सिंह बैनीवाल तीसरे स्थान पर। इस बार पर्दे के पीछे की राजनीति ने इन दोनों की भूमिकाएं बदल दीं। पवन बैनीवाल अचानक न सिर्फ कांग्रेसी हो गये, बल्कि उन्हें ऐलनाबाद से कांग्रेस का टिकट भी मिल गया।

संभव है कि निर्दलीय विधायक गोपाल कांडा के भाई गोविंद कांडा और भाजपा के बीच मेल-मुलाकातों से पवन को अपना पत्ता साफ होने का पूर्वाभास हो गया हो। सत्तारूढ़ भाजपा-जजपा गठबंधन ने गोविंद कांडा पर ही दांव लगाया। यह दांव बेकार भी नहीं गया। न सिर्फ भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ा, बल्कि अभय की जीत का अंतर भी घटा, जबकि कांग्रेस के टिकट पर लड़ रहे पवन की जमानत ही जब्त हो गयी। भरत सिंह बैनीवाल को कांग्रेस का टिकट तो नहीं मिला, अलबत्ता अब पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए कारण बताओ नोटिस अवश्य मिल गया है। जाहिर है, ऐलनाबाद में अभय चौटाला की बादशाहत बरकरार रही, लेकिन जीत का अंतर बताता है कि दबदबा कम अवश्य हुआ है। फिर भी इस उपचुनाव परिणाम से हरियाणा के राजनीतिक परिदृश्य के बारे में किसी निष्कर्ष पर पहुंचना आसान नहीं–सिवाय इसके कि अंतर्कलह में डूबी कांग्रेस में गुटबाजी और बढ़ेगी।

अब पड़ोसी हिमाचल प्रदेश की बात करें। लंबे अरसे तक वीरभद्र सिंह-शांता कुमार-प्रेम कुमार धूमल की तिकड़ी के बीच फंसी रही हिमाचल की राजनीति में 2017 में जयराम ठाकुर का भाजपाई मुख्यमंत्री बनना किसी आश्चर्य से कम नहीं था। बिसात किसी ने किसी के लिए बिछायी थी, पर पासा किसी और का पड़ गया। ऐसे अनपेक्षित घटनाक्रम के लिए राजयोग शब्द ही शायद सबसे उपयुक्त है। भाजपा की राष्ट्रीय राजनीति में 2014 के बाद तेजी से बदले समीकरणों ने भी जयराम ठाकुर की राह आसान बनायी। लगभग चार साल तक उनका मुख्यमंत्रित्वकाल भी निष्कंटक ही रहा, लेकिन अब मंडी लोकसभा के साथ ही तीनों विधानसभा उपचुनावों में भी कांग्रेस की जीत उनके लिए शुभ संकेत नहीं है। जिस महंगाई की आड़ जयराम अपनी चुनावी नाकामी छिपाने के लिए लेना चाह रहे हैं, वह तो राष्ट्रव्यापी है, सिर्फ हिमाचल तक सीमित नहीं। हिमाचल प्रदेश भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का गृह राज्य भी है। अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में कांग्रेस के हाथों मिली इस शर्मनाक हार पर भाजपा मूकदर्शक नहीं बनी रह सकती, पर पार्टी और राज्य के राजनीतिक समीकरणों के मद्देनजर बहुत सहज स्वाभाविक विकल्प उपलब्ध भी नहीं है। हिमाचल की तरह राजस्थान में भी कांग्रेस ने भाजपा को चौंकाया है। मध्य प्रदेश में दलबदल के जरिये कांग्रेस सरकार गिरा कर सत्ता में लौटी भाजपा राजस्थान में भी वैसी ही कोशिशें करती रही है। अंतर्कलह के बावजूद राजस्थान में कांग्रेस का दोनों विधानसभा उपचुनाव जीत जाना भाजपा के लिए बड़ा झटका है। बेशक राजस्थान भाजपा में भी आंतरिक टकराव कम नहीं है, पर कांग्रेस के अंतर्कलह और सत्ता विरोधी भावना का लाभ उठा पाने में नाकामी नेतृत्व के लिए एक बड़ी चुनौती है। ऐसा ही झटका बिहार में लालू यादव के राजद को लगा है। पिछले साल कोरोना काल में हुए विधानसभा चुनाव में राजग को मिले बहुमत पर लालू के पुत्र तेजस्वी ने सवाल उठाये थे, अब हुए दोनों विधानसभा उपचुनाव में जद-यू की जीत ने उसका जवाब दे दिया है। ये उपचुनाव परिणाम राजद और कांग्रेस, दोनों को ही आईना दिखाने वाले रहे हैं। तेजस्वी के तेज की सीमाएं उजागर हो गयी हैं तो कन्हैया का कमाल भी कहीं नजर नहीं आया। असम में भी सत्तारूढ़ भाजपा और मित्र दल ने अच्छा प्रदर्शन किया है, मेघालय में भी भाजपा के मित्र दल के हिस्से ही जीत आयी है, लेकिन यही बात कर्नाटक की बाबत नहीं कही जा सकती, जहां कुछ महीने पहले ही मुख्यमंत्री बदला गया है। कर्नाटक में दो सीटों के लिए हुए उपचुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा के हिस्से एक ही सीट आयी, जबकि दूसरी कांग्रेस के खाते में चली गयी। महाराष्ट्र में भी कांग्रेस एकमात्र उपचुनाव जीतने में सफल रही, जबकि मध्य प्रदेश में तीन सीटों के लिए हुए उपचुनाव में भी भाजपा की दो के मुकाबले उसके हिस्से एक सीट आ गयी।

## छोटे परदे पर आज

**दूरदर्शन**
7.00 समाचार 7.15 मूक–बधिरों के लिए समाचार 7.30 आज सवेरे 8.30 नई दृष्टि नई राह 0.00 सुनो कहानी 10.30 गली गली सिम सिम 11.00 मंथन दोपहर 12.00 मुआवजा मदद या अभिशाप 12.30 शमा 1.00 मंगलसूत्र एक मर्यादा 1.30 अंखड सौभाग्यवती भव 2.00 आशियाना 2.30 सुकन्या हमारी बेटियां 2.55 किरण श्रृंखला 3.00 कशमकश जिंदगी की 3.30 स्त्री तेरी कहानी... धारावाहिक सायं 4.00 प्रादेशिक प्रसारण राष्ट्रीय नेटवर्क 8.00 द न्यूज 8.05 पार्लियामेंट न्यूज 8.30 जननी 9.00 पहचान अस्तित्व की तलाश 9.30 यहां के हम सिकंदर 10.00 कानाफूसी धारावाहिक 10.30 इम्तिहान 11.00 रंगोली11.30 नृत्य का राष्ट्रीय कार्यक्रम।

**डिस्कवरी**
सुबह 10.00 इचेटर 11.00 मैन वर्सेज वाइल्ड दोपहर 12.00 ड्युअल सरवाइवल 4.00 स्वाम्प ब्रदर्स 5.00 मैन वर्सेज वाइल्ड सायं 6.00 वाइल्ड डिस्कवरी रात 8.00 वाइल्डैस्ट इंडिया 9.00 ब्रेकिंग पॉइंट

**बी4यू**
सुबह 7.04 आज का रावण 11.45 बादशाह संध्या 5.26 इंसान रात 9.41 दरार

**जी सिनेमा**
सुबह 9.33 मुवी 11.00 हम साथ साथ हैं दोपहर 2.48 काली का करिश्मा संध्या 5.40 सुर्या दि सोल्जर रात 8.52 प्रलय दि डिस्टयर

**कलर्स**
सुबह 6.00 मोलक्की 7.00 बिग बॉस 10.25 मोलक्की 11.00 नमक इश्क का दोपहर 12.00 तु आशिकी 2.30 कसम संध्या 5.10 बालिका वधु 7.00 इश्क में मरजवां 7.30 छोटी सरदारनी 8.00 शक्ति 8.33 बैरिस्टर बाबु 9.04 नमक इश्क का

**स्टार गोल्ड**
सुबह 9.40 मुवी 12.05 बागी–3 दोपहर 3.02 तन्हाजी संध्या 5.49 भुत अंकल रात 7.55 भुल भुलैय्या

**सोनी टीवी**
सुबह 7.00 दि कपिल शर्मा शो 9.30 दि कपिल शर्मा शो 10.30 पुण्यश्लोक अहिल्या बाई 1.30 क्राइम पेट्रोल 12.30 क्राइम पेट्रोल दोपहर 3.00 क्राइम पेट्रोल 4.00 क्राइम पेट्रोल संध्या 5.00 इंडियन आइडल संध्या 6.00 इंडिया वाली मां 8.00 इंडियन आयडल

**सोनी मेक्स**
सुबह 7.58 विशाल की कुर्वानी 12.03 मेडल गीता रानी दोपहर 2.50 भाईगिरी–2 संध्या 5.44 डेसिंग हिरो रात 7.54 एक्शन

**सहारा वन**
सुबह 6.04 गैंबलर नं.वन 8.39 धुम–2 12.03 दिल तो पागल है दोपहर 3.45 किंग नं.वन संध्या 6.50 आमदानी अठन्नी खर्चा रुपय्या रात 10.31 एक और जालिम

**सोनी मेक्स**
सुबह 7.00 मुवी 11.20 पीकेदोपहर 2.44 दिल धड़क धड़क संध्या 5.56 कुंगफु हास्टल रात 7.55 बहुबली

**सोनी वाह**
सुबह 8.45 मुवी 12.24 आमदानी अठन्नी खर्चा रुपय्या दोपहर 3.53 सुरा संध्या 6.55 टायगर जिंदा है रात 9.44 चंडी

**सब टीवी**
सुबह 9.00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा 10.30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा 11.00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा 12.00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा रात 8.00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा

**जी बॉलीवुड**
सुबह 7.00 मुवी 11.04 हिरो हिन्दुस्तानी दोपहर 1.37 कोई मिल गया संध्या 5.07 हसीना मान जाएगी रात 7.55 गजनी

**जी एक्शन**
सुबह 7.00 मुवी 11.12 कमाण्डो दोपहर 1.51 जलजला संध्या 4.37 नफरत की आंधी रात 7.55 रावण राज

**स्टार प्लस**
सुबह 7.30 दिव्य शक्ति 8.30 गुम है किसी के प्यार में 9.00 अनुपमा 9.30 इमिली 10.00 पड्या स्टोर 10.20 ये है चाहतें 11.30 गुम है किसी के प्यार में 12.00 ये रिश्ता क्या कहलाता है 12.30 तु मेरा हिरो दोपहर 1.00 ये रिश्ता क्या कहलाता है दोपहर 2.30 अनुपमा

**जी अनमोल**
सुबह 9.31 मुवी 12.10 जानवर संध्या 4.00 प्रीमीयर 7.00 मर्द रात 10.30 तथास्तु

* ये सभी कार्यक्रम अधिकृत प्रेस नोट पर आधारित हैं। ऐनवक्त पर कार्यक्रमों में फेरबदल हो सकता है।

# उल्लास मनाने का अगड़ा-पिछड़ा तरीका

**सहीराम**

जब मीडिया से लेकर राजनीति तक सब कुछ ड्रग्समय अर्थात् हेरोइनमय हुआ पड़ा हो, तब बताओ बिहार में लोग जहरीली शराब पीकर मर गए। भाई जब पांच-दस ग्राम की पुड़िया से लेकर टनों में हेरोइन उपलब्ध हो, तब शराब पीकर मर जाना सचमुच पिछड़ापन है। अब पंजाब को ही देखो। जब राहुल गांधीजी ने अपनी पार्टी वालों से पूछा कि शराब कौन-कौन पीता है तो बेचारे बड़े शर्मिंदा हुए। जबकि दल विशेष पर चिट्टे के खूब आरोप लगे पर वे शर्मिंदा कतई नहीं हुए। पंजाब इस मामले में सचमुच आगू स्टेट है। दूसरा आगू स्टेट महाराष्ट्र है। वहां भी शराब की बात बताओ कौन कर रहा है। वहां राजनीति की बात हो तो शुगर सेठों की होती है और अपराध की बात हो तो ड्रगलॉर्ड्स की बात होती है। बताओ पहले जब सुशांत सिंह राजपूत की मौत हुई थी, तब और अब जब आर्यन खान की गिरफ्तारी हुई तब किसी ने भी शराब का जिक्र तक भी किया। तब भी पुड़िया का ही जिक्र था और अब भी पुड़िया का ही जिक्र था, हालांकि अब तो वह टनों में कट्टों और बोरियों में भी उपलब्ध थी। हमें तो ऐसा लगता है कि यह अगड़े और पिछड़े का ही फर्क है। अफसोस बस इसी बात का है कि जिस नीतीश कुमार को विकास पुरुष कहा जाता है, वे भी शराब से आगे बढ़ ही नहीं पा रहे। वे शराबबंदी पर अटके हैं और लोग शराब के लिए जान देने पर आमादा हैं। राजनीति में शराब अब पुराना मुद्दा है। नया मुद्दा हेरोइन है। पंजाब ने पांच साल पहले इस मुद्दे को पहचान लिया था, महाराष्ट्र ने अब पहचान लिया। पता नहीं बिहार वाले कब पहचानेंगे। कायदे से तो उन्हें सुशांत सिंह राजपूत वाले कांड के वक्त ही पहचान लेना चाहिए था। लेकिन देखो वे अभी तक शराब पीकर ही मर रहे हैं। वैसे भी जुआ-वुआ खेलने वालों को तो फिर भी लोग सम्मान के योग्य मान लेते थे, पर शराब पीकर दिवाली मनाने को कभी मान्यता नहीं मिली। इन दिनों अगर वे जमकर पटाखे फोड़ते तो देशभक्त भी मान लिए जाते। इस दिवाली पर देशभक्ति सिर्फ पटाखे फोड़ने में थी और अच्छे हिंदू होने का तमगा बोनस के रूप में मिलता सो अलग। ऐसे में ये बंदे शराब की तरफ क्यों लपके? कहीं नीतीश कुमारजी ने वहां हुए दोनों उपचुनाव जीत लिए, इस खुशी में तो नहीं। या फिर शायद इस गम में कि लालूजी वहां दोनों उपचुनाव हार गए।

## आज का राशिफल

**मेष:** सामाजिक रूप से यश और कीर्ति में वृद्धि होने की संभावना है। व्यापार में लाभ होगा। विवाहोत्सुकों के विवाह का आयोजन सफलतापूर्वक होगा। पूंजी निवेश करने से पहले सोच लीजिएगा। परिजनों के साथ विरोध रहेगा, इसलिए मौन रखना ही उचित होगा।

**वृषभ:** आज का दिन शुभफलदायी है। व्यवसाय में स्थिति अनुकूल रहेगी तथा आपके कार्य की उचित प्रशंसा भी होगी। सामाजिक रूप से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्य भी सरलतापूर्ण संपन्न होंगे और उन कार्यों से लाभ भी होगा।

**मिथुन:** प्रतिस्पर्धियों और उच्च अधिकारियों के साथ वाद-विवाद न करें। आनंद-प्रमोद से संबंधित वस्तुओं को खरीदने में खर्च अधिक होने की संभावना है। व्यवसायिक क्षेत्र में वातावरण अच्छा रहेगा। मानसिकरूप से भी आप आज स्वस्थ रह पाएंगे।

**कर्क:** अनैतिक कार्य और निषेधात्मक विचारों से दूर रहें। वाणी पर संयम रखिएगा। परिवार में तकरार होने से शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता आपको सताएगी। संतान के विषय में चिंता रहेगा।

**सिंह:** आज आपको मनोरंजन के भरपूर साधन उपलब्ध होंगे। इससे आप मित्रों और स्नेहीजनों के साथ आनंद लूटेंगे। साथ में पर्यटन की भी संभावना है। परंतु मध्याहन के बाद अधिक विचारों के कारण मानसिक रूप से थक जाएंगे।

**कन्या:** आज का दिन आपके लिए शुभ है। कार्य-सफलता मिलने से आज आप आनंदित रहेंगे। आपकी यश-कीर्ति में भी वृद्धि होगी। परिवार का वातावरण भी अनुकूल रहेगा।

**तुला:** लेखनकार्य और सृजनात्मक प्रवृत्तियों के लिए आज का दिन शुभ है। बौद्धिक चर्चा में लाभ लेने के लिए भी आज आप सोच सकते हैं। बौद्धिक चर्चा में भाग लेने के लिए हुए कार्य में आप को सफलता मिलेगी। यश और कीर्ति में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** आज जिद्दीपन छोड़ दें। भावुकता पर संयम रखने से मानसिक व्यग्रता का अनुभव कम होगा। वित्तीय मामलों का आयोजन होगा। वस्त्राभूषण एवं सौंदर्य प्रसाधनों के पीछे खर्च होगा। माता से लाभ होगा।

**धनु:** दिन के समय में आज आप का मन प्रफुल्लित रहने से मानसिक रूप से एकदम हलके-फुलके होने का अनुभव होगा। परिजनों के साथ पारिवारिक प्रश्नों की चर्चा का आयोजन होगा, जिसका निराकरण लाने में सफल रहेंगे।

**मकर:** आज धार्मिक विचारों के साथ-साथ धार्मिक कार्यों में खर्च भी होगा। अधिक वाद-विवाद से परिवार का वातावरण कलुषित न हो, इसका ध्यान रखिएगा। परिजनों को आपसे मनदुःख और असंतोष रह सकता है।

**कुंभ:** आज आपका मन प्रफुल्लित रहेगा। गहन चिंतनशक्ति और आध्यात्मिकता दोनों में आप का मन डूबा रहेगा। नकारात्मक विचारों को मन से निकाल दें। वाणी पर संयम रखिएगा। अनापेक्षिक धन-व्यय से संभलकर चलिएगा।

**मीन:** किसी के साथ धन से संबंधित व्यवहार न करें तथा किसी के विवाद में न पड़ें। मन एकाग्र करने का प्रयास कीजिएगा। आज खर्च पर संयम रखना होगा। स्वजनों के साथ मनःदुख होने के प्रसंग बनेंगे।

## शब्द सामर्थ्य

### सू- दोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है, जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम, कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.259 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## आज की वर्ग पहेली

### शब्द सामर्थ्य -

**बाएं से दाएं**
1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहण का अनुष्ठान 4. मवाद, गोंद (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छींक, [illegible] 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**
1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कारगुजारी, कारस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 259 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | ख्रि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | ई | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | थि | ■ | ह | ■ |
| घ | इ | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

## न्यूज़ ट्रैक....

### टी-10 टूर्नामेंट 19 से , 32 खिलाड़ी खेलते नजर आयेंगे

**अबुधाबी** । टी20 विश्व कप के खत्म होने के बाद अबुधाबी टी10 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन यूएई की राजधानी में 19 नवंबर से चार दिसंबर तक किया जाएगा। अबुधाबी टी10 टूर्नामेंट के पांचवें सत्र के लिए अलग-अलग फ्रेंचाइजी टीमों के 32 खिलाड़ी ही अपने देशों की ओर से इसमें खेलते हुए दिखेंगे। अनुभवी निकोलस पूरन, क्रिस गेल, आंद्रे रसेल, फाबियान एलेन, ड्वेन ब्रावो, इविन लुईस, ओबेद मैकाय, रवि रामपाल, डेरेन ब्रावो, अकील हुसैन और आंद्रे फ्लेचर टी10 विश्व कप में वेस्टइंडीज की ओर से खेलेंगे। इयोन मोर्गन, मोईन अली, क्रिस जोर्डन, रीस टोप्ली, लियाम लिविंगस्टोन, टाइमल मिल्स, आदिल राशिद और जेसन रॉयल इंग्लैंड की ओर से उतरेंगे। इसके अलावा अफगानिस्तान, श्रीलंका, आयरलैंड, बांग्लादेश और नामीबिया की ओर से खेलने वाले खिलाड़ी भी अबुधाबी टी10 लीग में खेलेंगे।

### डेविस कप में 18 टीम भाग लेंगी

**लंदन** । डेविस कप के मैड्रिड और इनसब्रक (ऑस्ट्रिया) और तूरिन (इटली) में 25 नवंबर से इंडोर हार्डकोर्ट पर शुरू होने वाले ग्रुप चरण के मैचों में 18 टीमें भाग लेंगी। इन शहरों में क्वार्टर फाइनल होने के बाद सेमीफाइनल और फाइनल मैड्रिड में होंगे। स्पेन डेविस कप में अभी मौजूदा चैंपियन है। उसने 2019 में खिताब जीता था वहीं कोविड-19 के कारण पिछले साल इस टूर्नामेंट का आयोजन नहीं हो पाया था। टीमों को छह ग्रुप में बांटा गया है। डेविस कप के ग्रुप ए में रूस, स्पेन और इक्वाडोर, ग्रुप बी में कनाडा, कजाखस्तान और स्वीडन, ग्रुप सी में फ्रांस, ब्रिटेन और चेक गणराज्य, ग्रुप डी में क्रोएशिया, ऑस्ट्रेलिया और हंगरी, ग्रुप ई में अमेरिका, इटली और कोलंबिया तथा ग्रुप एफ में सर्बिया, जर्मनी और आस्ट्रिया को रखा गया है। फाइनल्स में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच और अमेरिकी ओपन चैंपियन रुस के दानिल मेदवेदेव कप्तानी करते हुए नजर आयेंगे। डेविस कप के लिए जोकोविच को सबियाई टीम का कप्तान बनाया गया है। उनके अलावा फ़िलिप क्राजिनोविच, दुसान लाजोविच, लास्लो जेरे और मिओमिर केकमानोविच को भी टीम में रखा गया है। वहीं विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी मेदवेदेव रूसी टीम की कमान संभालेंगे। उनकी इस टीम में आंद्रे रूबलेव, असलान करात्सेव, कारेन खाचनोव और इवगेनी डोनस्कोइ को भी शामिल किया जाएगा।

### टेस्ट सीरीज के लिए रहाणे और पुजारा ने किया अभ्यास

**मुंबई** । भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम के उप कप्तान अजिंक्य रहाणे ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 25 नवंबर से शुरू हो रही दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला को देखते हुए जमकर अभ्यास किया है। रहाणे को न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला के पहले टेस्ट में कप्तानी की भी जिम्मेदारी दी गयी है क्योंकि नियमित कप्तान विराट कोहली अवकाश पर हैं। रहाणे पिछले कुछ समय से खराब दौर से गुजर रहे हैं और रन नहीं बना पाये है जिसके कारण टीम में उनकी जगह पर भी सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में उनके लिए इस सीरीज में रन बनाना बेहद अहम है। श्रृंखला का दूसरा टेस्ट मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में पांच दिसंबर से खेला जायेगा। रहाणे ने पिछले 15 टेस्ट मैचों में 24.76 के औसत से सिर्फ 644 रन बनाये है। पिछले साल दिसंबर में मेलबर्न टेस्ट में यादगार शतकीय पारी खेलने के बाद वह उम्मीदों पर खरा उतरने में संघर्ष करते रहे है।

**भारत-न्यूजीलैंड पहला टी-20 आज शाम सात बजे से होगा शुरू**

# टीम इंडिया के पास वर्ल्ड कप की हार का हिसाब चुकाने का मौका

**जयपुर।** टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर 12 राउंड से बाहर हुई टीम इंडिया आज टूर्नामेंट की फाइनलिस्ट न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू सीरीज के पहले मुकाबले में उतरेगी। भारतीय टीम नए कप्तान रोहित शर्मा और नए कोच राहुल द्रविड़ की अगुआई में खेलेगी। साथ ही कई प्रमुख खिलाड़ी टीम से बाहर हैं। दोनों ही टीमों के पास UAE में खत्म हुए टी-20 वर्ल्ड कप को न जीत पाने के लिए अफसोस करने का वक्त पीछे छूट चुका है। अगला वर्ल्ड कप भी 11 महीने के अंदर ही होने वाला है और भारत और न्यूजीलैंड के पास यह सीरीज उस टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ी तैयार करने का अवसर है।




### छठे बल्लेबाज का सिलेक्शन होगा टॉकिंग पॉइंट

भारत को यह तय करना होगा कि श्रेयस अय्यर, ऋतुराज गायकवाड़ और वेंकटेश अय्यर में से उनका छठा बल्लेबाज कौन होगा। जहां श्रेयस साल की पहली तिमाही में चोटिल होने से पहले मौजूद थे, वहीं गायकवाड़ ढ्ढक्कके दूसरे चरण के बाद से फॉर्म में चल रहे हैं। वेंकटेश का सेकेंड लेग भी अच्छा था और वह गेंदबाजी का विकल्प पेश करते हैं। इसके अलावा, उन्होंने अपने गृह राज्य, मध्यप्रदेश, के लिए कुछ नियमितता के साथ नंबर पांच और छह नंबर पर बल्लेबाजी की है।

### रोहित शर्मा की अप्रोच पर होगी नजर

पहली बार रोहित फुल टाइम टी-20 कप्तान के रूप में भारत का नेतृत्व करेंगे। टी-20 वर्ल्ड कप में संकेत थे कि रोहित अपने खेल को पहले से अधिक आक्रामक बना रहे हैं। क्या वह उस अप्रोच को जारी रखेंगे या एक नई भूमिका और नए कोचों की सलाह पर अपनी शैली में किसी तरह का बदलाव लाएंगे? यह देखने वाली बात होगी।

## भारतीय ओलंपिक संघ ने चुनावों की अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली** । भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने गुवाहाटी में 19 दिसंबर को होने वाली वार्षिक आम बैठक के दौरान नए पदाधिकारियों के चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर चुनावों की अधिसूचना जारी की। आईओए की ओर से जारी नामांकन पत्र के अनुसार नामांकन की समीक्षा छह दिसंबर को होगी। प्रत्येक पद के नामांकन को एक प्रस्तावक द्वारा प्रस्तावित होना चाहिए, जिसका नाम चुनाव की मतदान सूची में शामिल हो। चुनाव की मतदाता सूची को अध्यक्ष और महासचिव एक दिसंबर को जारी करने वाले है। किसी भी मान्यता प्राप्त इकाई द्वारा भेजे गए अधिकृत प्रतिनिधियों की सूची में हितों का टकराव होने की दशा में अध्यक्ष द्वारा भेजी गई सूची को मतदान सूची के रूप में स्वीकार किया जाएगा।''

कोई भी व्यक्ति पदाधिकारी या कार्यकारी परिषद के सदस्य के रूप में एक पद के लिए एक से अधिक उम्मीदवार को प्रस्तावक या अनुमोदक के रूप में नामित करने का पात्र नहीं होगा। नामांकन दो से चार दिसंबर तक किए जा सकते हैं, जबकि चुनाव में हिस्सा लेने वाले उम्मीदवारों की अंतिम सूची आठ दिसंबर को सार्वजनिक होगी।कोविड-19 को देखकर उम्मीदवार अपने नामांकन ईमेल के द्वारा भेज सकते हैं, या निजी तौर पर यहां आईओए कार्यालय में जमा करा सकते हैं। अधिसूचना के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के जरिए एक अध्यक्ष, दो वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नौ उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, छह संयुक्त सचिव और कार्यकारी परिषद के 10 सदस्यों का चुनाव किया जाएगा। मौजूदा पदाधिकारियों का कार्यकाल दिसंबर में खत्म होगा और इसलिए नए पदाधिकारियों का चयन किया जा रहा है।

निवर्तमान अध्यक्ष नरिंदर बत्रा आईओए अध्यक्ष पद के चार साल के एक और कार्यकाल के लिए चुनौती पेश कर सकते हैं। खेल संहिता के तहत मौजूदा महासचिव राजीव मेहता इसी पद पर तीसरी बार चयन से प्रतिबंधित होंगे। उनका दूसरा कार्यकाल दिसंबर में पूरा हो रहा है। सूत्रों के अनुसार आईओए का संविधान मेहता को अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ने की स्वीकृति देता है लेकिन खेल संहिता के तहत इसकी स्वीकृति होगी या नहीं यह स्पष्ट नहीं है।

## 24 को फ्रांस से होगा भारतीय जूनियर हॉकी टीम का पहला मुकाबला

**भुवनेश्वर** । सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच ग्राहम रीड आजकल अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के जूनियर विश्व कप के लिए भारतीय टीम की तैयारियों को देख रहे हैं। रीड ने कहा कि उनका काम टीम की सहायता करना है। भारतीय टीम आगामी विश्व कप में पूल बी में अपने अभियान की शुरुआत 24 नवंबर को फ्रांस के खिलाफ मैच से करेगी। रीड ने कहा कहा कि मेरे लिये यह चीजों को आसान बनाने के बारे में है। मैं खिलाड़ियों में उस जज्बे और मूल्यों का संचालन करना चाहूंगा जो सीनियर टीम में है। यह किसी चीज का फिर से गठन करने की जगह उसे सरल करने के बारे में है। उन्होंने कहा कि सच कहूं तो, मैं पिछले महीने में निश्चित रूप से एक 'रिलेशनशिप कोच% रहा हूं। प्रत्येक खिलाड़ी के साथ अच्छा संबंध होना वास्तव में अहम है ताकि जब उनका मनोबल गिरा हो तो उसका कारण पता चल सके। कोरोना महामारी के कारण इस भारतीय टीम के खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए विदेश दौरे पर जाने का मौका नहीं मिला। उन्होंने हालांकि ओलंपिक से पहले सीनियर टीम के साथ कुछ अभ्यास मैच खेले थे। भारत की 18 सदस्यीय जूनियर टीम का नेतृत्व विवेक सागर प्रसाद करेंगे, जो कांस्य पदक जीतने वाली ओलंपिक टीम के सदस्य थे।



### मप्र महिला फुटबाल टीम का प्रशिक्षण शिविर शुरू

**इन्दौर** । मप्र फुटबाल संगठन के तत्वावधान में सीनियर महिला टीम का प्रशिक्षण शिविर एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल में प्रारंभ हुआ। स्कूल के प्राचार्य सिद्धार्थ सिंह और मप्र संगठन के सचिव अमित देव ने बताया कि 22 नवंबर तक चलने वाले शिविर के दौरान खिलाड़ियों को तकनीकी मार्गदर्शन दिया जाएगा। शिविर के बाद चयनित खिलाड़ी कोझिकोड (केरल) में आयोजित राष्ट्रीय स्पर्धा में मप्र का प्रतिनिधित्व करेंगी। राष्ट्रीय स्पर्धा 28 नवंबर से आठ दिसंबर तक होगी। मप्र ओलिंपिक संगठन के उपाध्यक्ष ओम सोनी, स्कूल के निदेशक मुक्तेश सिंह, खेल अधिकारी अकरम खान, खालिद खान ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला बढ़ाया।

## व्यापार न्यूज

### जल्द आ रही न्यू जेनेरेशन ऑल्टो

**नई दिल्ली** । कंपनी सुजुकी न्यू जेनेरेशन ऑल्टो जापान में अगले कुछ महीनों में लॉन्च करने वाली है। इस कार की कुछ डीटेल्स इंटरनेट पर लीक हो गई हैं। इस नई ऑल्टो से जनवरी 2022 में पर्दा उठ सकता है। हालांकि इस बारे में कंपनी की ओर से कोई ऑफिशल टाइमलाइन या तारीख नहीं बताई गई है। यह इस कार का 9वें जेनेरेशन मॉडल होगा। इस कार में लाइटवेट ?हियरटेक्ट प्लेटफॉर्म का प्रयोग किया जाएगा। जिसका इस्तेमाल भारत में मारुति सुजुकी एस-प्रेसो और वैगन आर में किया जाता है। लीक पिक्चर से पता चलता है कि नई ऑल्टो पहले से बेहतर लुक के साथ मार्केट में एंट्री करने वाली है। कार का बॉक्सी शेप टॉल स्टांस पहले की तरह ही देखने को मिलने वाला है। इस हैचबैक को ड्यूल टोन कलर ऑप्शन में पेश किया जाएगा। कार 7 स्पोक वील्ज से लैस है। नई ऑल्टो मल्टिफंक्शन स्टियरिंग वील के साथ आने वाली है। ऑल्टो हैचबैक इंडिया में सबसे ज्यादा खरीदी जाने वाली कारों में से एक है। कंपनी फिलहाल लीक हुए इस मॉडल को जापान में जनवरी 2022 में लॉन्च कर सकती है।नई ऑल्टो की एक खास बात यह भी है कंपनी ने इसे पूरी तरह से नए इंटीरियर के साथ उतारने वाली है। कार के सेंट्रल कंसोल में छोटा इफोटेंटमेंट सिस्टम, वर्टिकली स्टैक्ड एयर कॉन वेंट्स, नए एसी बटन जैसी कई चीजें नई होने वाली हैं।

### सीमेंट और इस्पात की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि

**नई दिल्ली** । रियल एस्टेट कंपनियों के शीर्ष निकाय क्रेडाई ने सीमेंट और इस्पात की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि पर चिंता जाहिर की है। क्रेडाई ने कहा है कि अगर कच्चे माल के दाम नीचे नहीं आए,तब आवासीय संपत्तियों की कीमतें 10 से 15 प्रतिशत ब? सकती हैं।क्रेडाई ने सरकार से कच्चे माल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाने की मांग करते हुए निर्माण क्षेत्र में इस्तेमाल होने वाली सामग्री पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती का सुझाव दिया। क्रेडाई ने कहा कि निर्माण में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल की कीमतों में जनवरी, 2020 से लगातार वृद्धि हो रही है।निकाय ने कहा कि कोविड प्रतिबंधों और श्रमबल की कमी के कारण निर्माण में देरी से पिछले 18 महीनों में निर्माण लागत में 10 से 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। क्रेडाई ने कहा, कच्चे माल की कीमतें निकट भविष्य में नहीं घटती हैं,तब इसकी बहुत अधिक संभावना है कि निर्माण की बढ़ी हुई लागत की भरपाई के लिए आवासीय संपत्तियों की कीमतें 10-15 प्रतिशत तक बढ़ जाएंगी। हम पिछले एक साल में कच्चे माल की कीमतों में लगातार तेज वृद्धि देख रहे हैं और भविष्य में उनके नीचे आने या स्थिर होने संभावना नहीं है।'' उन्होंने कहा कि ऐसे में बिल्डर बढ़ती लागत का बोझ नहीं उठा पाएंगे और वे इसे घर खरीदारों पर डालेंगे।

### कोमाकी लांच करेगी शानदार इलेक्ट्रिक स्कूटर

**नई दिल्ली।** ईवी निर्माता कंपनी कोमाकी इलेक्ट्रिक अपना नया इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च करने जा रही है। कंपनी इसे 10 कलर ऑप्शन में लॉन्च करेगी। यह इलेक्ट्रिक स्कूटर रीजनरेटिव ब्रेकिंग, रिपेयर स्विच और मोबाइल कनेक्टिविटी जैसे फीचर्स से लैस होगा। यह हाई-स्पीड रजिस्ट्रेशन मॉडल का अपना 5वां एडिशन होगा। बता दें कि भारतीय बाजार में कोमाकी के चार इलेक्ट्रिक बाइक्स की पहले से बिक्री हो रही है। कंपनी का दावा है कि ग्राहकों को खुश करने के लिए इसे किफायती दाम में लॉन्च किया जाएगा। इस स्टाइलिश मॉडल में अतिरिक्त स्टोरेज बॉक्स सुविधा के साथ बैठने की बड़ी जगह होगी।इस नए मॉडल के लॉन्च के बारे में बात करते हुए, कोमाकी इलेक्ट्रिक डिवीजन के निदेशक, गुंजन मल्होत्रा ने कहा, फ़्वेनिस हमारे सबसे रोमांचक लॉन्च में से एक होने जा रहा है। 10 शानदार रंगों में आधुनिक तकनीक के साथ प्रतिष्ठित डिजाइन का मिश्रण ग्राहकों के लिए एक संपूर्ण उपचार होने जा रहा है। हमने यह सुनिश्चित करने के लिए आर एंड डी में बहुत प्रयास किए हैं कि यह मॉडल अपनी तरह का अनूठा है। यह सभी आधुनिक सुविधाओं जैसे रिपेयर स्विच, रीजनरेटिव ब्रेकिंग सिस्टम और कई अन्य से लैस होगा जो इसे भारतीय सड़कों पर ड्राइव करने के लिए एक आदर्श स्कूटर बना देगा।

## खाद्य तेल आयात 2020-21 में 63 प्रतिशत बढ़कर 1.17 लाख करोड़ रुपए का हुआ

**नई दिल्ली** । भारत का खाद्य तेल आयात,अक्टूबर को समाप्त होने विपणन वर्ष 2020-21 के दौरान लगभग 131.3 लाख टन पर स्थिर रहा, लेकिन तेल उद्योग के आंकड़ों के मुताबिक मूल्य के संदर्भ में खाद्य तेलों का आयात 63 प्रतिशत बढ़कर 1.17 लाख करोड़ रुपए हुआ। वनस्पति तेल का विपणन वर्ष, जिसमें खाद्य तेल और अखाद्य तेल शामिल हैं, नवंबर से अक्टूबर तक चलता है।सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने कहा,तेल वर्ष 2020-21 के दौरान वनस्पति तेलों का आयात 135.31 लाख टन (एक करोड़ 35.3 लाख टन) दर्ज किया गया है, जबकि वर्ष 2019-20 के दौरान यह 135.25 लाख टन था।इसमें कहा गया है कि वनस्पति तेलों का आयात पिछले छह साल में दूसरी बार सबसे कम है। आंकड़ों के अनुसार, खाद्य तेल का आयात वर्ष 2020-21 में पिछले वर्ष के 131.75 लाख टन से घटकर 131.31 लाख टन रह गया, जबकि अखाद्य तेल का आयात 3,49,172 टन से बढ़कर 399,822 टन हो गया।



एसईए ने कहा कि मूल्य के संदर्भ में, खाद्य तेल का आयात वर्ष 2021-21 में 1,17,000 करोड़ रुपये का हुआ, जो वर्ष 2019-20 में 71,625 करोड़ रुपये का हुआ था। एसोसिएशन ने कहा कि भारत सरकार द्वारा पिछले कुछ महीनों में खाद्य तेलों पर आयात शुल्क में लगातार बदलाव ने भी आयात के तौर तरीकों को बिगाड़ दिया है। वर्ष 2019-20 के दौरान 4.21 लाख टन की तुलना में 2020-21 में रिफाइंड तेल का आयात मामूली बढ़कर 6.86 लाख टन हो गया, जबकि कच्चे तेल का आयात 127.54 लाख टन की तुलना में मामूली घटकर 124.45 लाख टन रह गया। एक नवंबर को विभिन्न बंदरगाहों पर खाद्य तेलों का स्टॉक 5,65,000 टन और पाइपलाइन स्टॉक 11,40,000 टन होने का अनुमान है, जो कुल मिलाकर 17,05,000 टन है। एक अक्टूबर तक स्टॉक 20.05 लाख टन से घट गया है।

देश में खाद्य तेल की कीमत रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी और इसमें कमी लाने के लिए सरकार पिछले 6 महीने में 3 बार खाद्य तेलों के आयात शुल्क में कटौती की है। जानकारी के अनुसार मार्केटिंग वर्ष 2020-21 में भारत में सोयाबीन तेल का आयात 15 फीसदी की गिरावट के साथ 28.7 लाख टन पहुंच गया जबकि सनफ्लावर ऑयल का आयात भी करीब एक चौथाई गिरकर 19 लाख टन रह गई। भारत पाम ऑयल इंडोनेशिया और मलेशिया से खरीदता है, सोयाबीन तेल का आयात अर्जेंटीना और ब्राजील से किया जाता है। भारत सनफ्लावर ऑयल रूस और यूक्रेन से मंगाता है। एसईए के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर बीवी मेहता ने कहा कि नए मार्केटिंग वर्ष में भारत के वेजिटेबल ऑयल आयात में मामूली गिरावट आ सकती है। इसकी वजह यह है कि देश में सोयाबीन, मूंगफली और रेपसीड की घरेलू आपूर्ति बढ़ने की उम्मीद है। खाद्य तेलों का मार्केटिंग वर्ष 1 नवंबर से 31 अक्टूबर तक है। मेहता ने कहा कि कीमतों के रेकॉर्ड पर पहुंचने से मांग में कमी आ रही है। उन्होंने कहा कि 2021-22 में पाम ऑयल के आयात में कमी आ सकती है क्योंकि हाल के महीनों में इसकी कीमत में काफी तेजी आई है। इससे सोयाबीन तेल और सनफ्लावर ऑयल के आयात में तेजी आ सकती है।

### एस्कॉर्ट्स कंपनी ने किया ट्रैक्टर के दामों में इजाफे का ऐलान


**नई दिल्ली** । किसानों को बड़ा झटका लगने वाला है। दरअसल, कृषि और कंस्ट्रक्शन उपकरण बनाने वाली देश की प्रमुख कंपनी एस्कॉर्ट्स लिमिटेड ने ट्रैक्टर की कीमतें बढ़ाने का ऐलान किया है। कंपनी ने कहा है कि 21 नवंबर से ट्रैक्टर के सभी मॉडल्स के दाम बढ़ जाएंगे। कंपनी का कहना है कि कमोडिटी की बढ़ती कीमतों की वजह से दाम बढ़ाने का फैसला लिया है। इससे पहले एस्कॉर्ट्स ने 28 जून 2021 और अप्रैल 2021 में भी ट्रैक्टर के दाम बढ़ाने का ऐलान किया था।

एस्कॉर्ट्स लिमिटेड ने अभी तक ये नहीं बताया कि किस ट्रैक्टर पर कितने दाम बढ़ेंगे। किसानों का कहना है कि महंगे ईंधन ने पहले कमर तोड़ दी है। इसका असर धान की कटाई, मिंजाई एवं ढुलाई पर भी हो सकता है। कटाई और मिंजाई के दाम एकदम से बढ़ने से खेती की लागत बढ़ गई है। डीजल के दाम बढ़ने से धान काटने वाली हार्वेस्टर मशीन और ट्रैक्टरों से ढुलाई करना अब महंगा हो रहा है। प्रति एकड़ धान की कटाई अब 2500 रुपए लग रही है जबकि पिछली बार 1800 से 2000 रुपए प्रति एकड़ का भाव था।

अक्टूबर महीने में एस्कॉर्ट्स की ट्रैक्टर बिक्री में गिरावट देखने को मिली थी। अक्टूबर में कुल ट्रैक्टर बिक्री 1.1 फीसदी गिरकर 13,514 यूनिट रही। वहीं, कंपनी ने अक्टूबर 2020 में कुल 13,664 ट्रैक्टर बेचे थे अक्टूबर 2021 में घरेलू ट्रैक्टर की बिक्री 12,749 यूनिट रही।

## पबजी न्यू स्टेट को मिले तीन दिनों में 1 करोड़ डाउनलोड

**नई दिल्ली** । लाइव होने के तीन दिन बाद ही पबजी न्यू स्टेट ने गूगल प्ले ऐप स्टोर पर एक करोड़ डाउनलोड हासिल कर लिए हैं। ऐप्पल ऐप स्टोर किसी भी ऐप के लिए डाउनलोड की संख्या नहीं दिखाता है, इसलिए इसकी आईओएस-स्पेसिफिक जानकारी अनक्लियर रहती है। महीनों तक यह गेम प्री-बुक करने के लिए उपलब्ध था, लेकिन 11 नवंबर को आधिकारिक तौर पर इसे एंड्रॉइड और आईओएस दोनों पर लॉन्च किया गया है। गूगल प्ले पर पबजी न्यू स्टेट का साइज लगभग 1.4जीबी है, लेकिन यह सभी स्मार्टफ़ोन में अलग-अलग भी हो सकता है। ये गेम डाउनलोड के लिए फ्री हैं। यानी इसके लिए आपको कोई चार्ज नहीं देना पड़ेगा। इस गेम के लिए एंड्राएड वर्जन 6 और इसके बाद के वर्जन की आवश्यकता होती है। इसके अतिरिक्त ये ऐप इन-ऐप परचेज/खरीदारी का समर्थन करता है, जिसकी कीमतें 75 रुपये से 8,900 रुपये तक होती हैं। क्राफ्टन ने




**महीनों तक यह गेम प्री-बुक करने के लिए था उपलब्ध**

बताया है कि नया गेम ग्लोबल स्तर पर 17 अलग-अलग भाषाओं में उपलब्ध होगा।हालांकि, इसके रोलआउट के तुरंत बाद क्कक्च न्यू स्टेट के उपयोगकर्ताओं ने एक ÷ब्रिकिंग इश्यू÷ की रिपोर्ट करना शुरू कर दिया था, जहां गेम ने स्मार्टफोन को अनरिस्पांसिव बना दिया।

इन शिकायतों को क्राफ्टन ने स्वीकार भी किया है और कहा है कि कंपनी ने ÷आधिकारिक लॉन्च से पहले पर्याप्त टेस्टिंग की थी। इसने यह भी नोट किया कि इसने खेल की स्मूथ फंक्शनिंग की पुष्टि की थी।हालांकि, क्राफ्टन ने कथित ब्रिकिंग इश्यू के कारण के बारे में कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है। उपयोगकर्ताओं ने एक समस्या की भी सूचना दी है, जहां उपयोगकर्ता आसानी से एज वेरिफिकेशन के संकेत को दरकिनार कर सकते हैं और बिना एज वेरिफाई किए भी गेम को खेल सकते हैं, भले ही वो परमिट की गई उम्र से कम हों।कुछ यूजर्स ने बताया है कि एंड्रॉइड 12 पर चलने वाले स्मार्टफोन में यह समस्या अधिक आम थी, लेकिन इस पर कोई ठोस सत्यापन नहीं किया गया है। ऐसे में लोकप्रिय पबजी मोबाइल के निर्माताओं से अधिक जानकारी जल्द ही मिलने की उम्मीद की जा रही है।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह से मुलाकात की

## सचिन ने सीएम से क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए सहयोग मांगा

**भोपाल।** निजी कायक्रम में शामिल होने मध्यप्रदेश पहुंचे सचिन तेंदुलकर ने देर शाम देवास से मुंबई लौटते वक्त भोपाल में सीएम हाउस जाकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। दोनों के बीच ये मुलाकात करीब आधा घंटे से ज्यादा वक्त तक चली। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सचिन तेंदुलकर से क्रिकेट की उनकी कुछ बेहतरीन पारियों के बारे में चर्चा की. मुख्यमंत्री ने सचिन तेंदुलकर से अनुरोध किया कि वह क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए मध्यप्रदेश में सहयोग करें. सचिन तेंदुलकर ने उनका ये प्रस्ताव स्वीकार कर भरोसा दिलाया।

### सीएम ने की थी फोन पर बात

इससे पहले देवास के सादलपुर दौरे पर आए सचिन तेंदुलकर से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने फोन पर बात की थी और उन्हें सीएम हाउस आने का न्यौता दिया था. सचिन तेंदुलकर मंगलवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के विधानसभा क्षेत्र बुदनी के निजी दौरे पर भी थे. तेंदुलकर बुदनी के विवेकानंद सेवा कुटीर आश्रम, सेवनिया लड़कुई गए थे. जानकारी के मुताबिक सचिन ने यहां करीब 650 बच्चों की शिक्षा का जिम्मा अपने हाथों में लिया है।

### एमपी से है सचिन का गहरा नाता

सचिन तेंदुलकर भले ही लंबे वक्त बाद मध्य प्रदेश के दौरे पर आए हों, लेकिन जब तक वह खेल के मैदान पर रहे उनका मध्यप्रदेश से गहरा नाता रहा है. उन्होंने मध्य प्रदेश के ग्वालियर में ही कैप्टन रूप सिंह स्टेडियम में अपने वनडे करियर की पहली डबल सेंचुरी मारी थी. तब सचिन के नाम पर ग्वालियर में एक सड़क का नामकरण किया गया था. मुख्यमंत्री ने तेंदुलकर का मध्यप्रदेश आने पर स्वागत किया.पर रहे उनका मध्यप्रदेश से गहरा नाता रहा है. उन्होंने मध्य प्रदेश के ग्वालियर में ही कैप्टन रूप सिंह स्टेडियम में अपने वनडे करियर की पहली डबल सेंचुरी मारी थी. तब सचिन के नाम पर ग्वालियर में एक सड़क का नामकरण किया गया था। मुख्यमंत्री ने तेंदुलकर का मध्यप्रदेश आने पर स्वागत किया।

इंदौर में अंतरराज्यीय सेक्स रैकेट पकड़ा

## नामी लोग हैं कॉलगर्ल के ग्राहक

**इंदौर।** इंदौर में बड़ा सेक्स रैकेट पकड़ा गया है। पता चला है कि कई नामी लोग इस गिरोह के ग्राहक हैं। देह व्यापार की सारी डीलिंग ऑनलाइन की जा रही थी। पुलिस ने 5 युवक और दो युवतियों को गिरफ्तार किया है। मौके से बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गयी है।

इंदौर की विजय नगर पुलिस ने कुछ समय पहले देह व्यापार गिरोह का खुलासा किया था. इसमें बांग्लादेशी युवतियों को जबरिया इंदौर लाकर देह व्यापार करवाने की बात सामने आयी थी. इन सभी युवतियों को दूसरे मुल्क से भी अवैध तरीके से भारत लाया गया था। उस मामले की जांच एक बड़ी सुरक्षा एजेंसी कर रही है।इसके बाद भी शहर में देह



### देह व्यापार का सौदा ऑनलाइन

ये गिरोह हाईटेक है. देह व्यापार की सारी डीलिंग ऑनलाइन कर रहा था. गिरोह की सरगना युवती ने एक वेबसाइट तैयार करवाई थी. उस पर सर्च करते ही ऑनलाइन मीटिंग तय होती थी. फिर बेवसाइट के जरिए ही मिलने की जगह तय हो जाती थी. सरगना ग्राहक के बताये हुए स्थान पर कॉल गर्ल को भेज देती थी।

### हरियाणा और एमपी से आयीं कॉलगर्ल

इस बार सेक्स रैकेट लसूड़िया इलाके में पकड़ा गया. पुलिस ने एक घर पर छापा मारकर बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री जब्त की. साथ ही संदिग्ध गतिविधि के आधार पर कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया। इसमें दो युवतियां भी शामिल हैं. एक युवती हरियाणा और दूसरी एमपी की रहने वाली है. लसूड़िया थाना पुलिस को अपने इलाके में अनैतिक गतिविधि की शिकायत मिली थी. उसके आधार पर पुलिस जाल बिछा चुकी थी. लेकिन अक्सर वह खाली हाथ ही रही, क्यूंकि गिरोह की सरगना युवती बेहद शातिर है।

## इटारसी से भुसावल के बीच नई ट्रेन शुरू, मुंबई लोकल की तरह हैं कोच

**होशंगाबाद।** मध्य प्रदेश के इटारसी से महाराष्ट्र के भुसावल तक सफर करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है. रेलवे में इटारसी से भुसावल और भुसावल से इटारसी के लिए मेमू ट्रेन शुरू कर दी है. ट्रेन में कोच मुंबई लोकल की ट्रेनों की तरह ही लगे हैं. इंडियन रेलवे ने 15 नवंबर से इटारसी-भुसावल मेमू ट्रेन शुरू कर दिया है. कोरोना संक्रमण की पहली लहर के दौरान लगे लॉकडाउन के बाद से भुसावल-इटारसी की पैसेंजर ट्रेन को बंद कर दिया गया था, जिसे अब करीब 20 महीने बाद फिर से मेमू के रूप में शुरू किया गया है. इस ट्रेन को फिर से शुरू करने का आदेश रेलवे ने बीते 13 नवंबर को जारी किया था। इटारसी-भुसावल मेमू के लिए अनरिजवर्ड कैटेगिरी में टिकट उपलब्ध कराए जा रहे हैं. हालांकि मुंबई लोकल ट्रेन की तर्ज पर शुरू की गई।

राज्यपाल रविंद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए

## शिक्षा प्रणाली में सांस्कृतिक विरासत, ज्ञान एवं कौशल का करें समन्वय: पटेल

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि नई शिक्षा नीति ने जीवन की कला सीखने और सिखाने का अवसर दिया है। देश का युवा ज्ञान शक्ति के बल पर जीवन में जो कुछ भी बनना चाहता है, करना चाहता है, अब कर सकता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों को शिक्षा प्रणाली में भारत की परम्परा, विरासत, सांस्कृतिक मूल्यों, तकनीकी ज्ञान और कौशल विकास में समन्वय स्थापित करने के प्रयास करने



चाहिए। राज्यपाल श्री पटेल ने आज रविंद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह को संबोधित किया।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि विद्यार्थियों की मौलिकता को निखारने के लिए शिक्षा प्रणाली में आवश्यक बदलाव का आदर्श, विश्वविद्यालय प्रस्तुत करें। ऐसा ईको सिस्टम तैयार करें जिसमें छात्र-छात्राओं को समस्याओं, चुनौतियों का सामना करने और उन्हें अवसरों में बदलने के व्यवहारिक ज्ञान का अभ्यास और अनुभव प्राप्त हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के रूप में युवाओं को उनके सपने साकार करने का अभूतपूर्व अवसर दिया है।

## प्रदेश में अतिथि शिक्षक भी ले सकेंगे गृह जनपद में तबादला, आदेश जारी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग ने अतिथि शिक्षकों के लिए एक अच्छी खबर दी है. मध्य प्रदेश में अब नियमित शिक्षकों की तरह अतिथि शिक्षक भी ट्रांसफर ले सकेंगे। अतिथि शिक्षकों को ट्रांसफर लेने की सुविधा शैक्षिक सत्र में एक बार मिलेगी।

नियम के मुताबिक सरकारी कॉलेजो के प्रिंसिपल को भी इस आदेश को पालन करना होगा. नियमित शिक्षकों की तरह ही अतिथि शिक्षकों के ट्रांसफर की भी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी. अतिथि शिक्षक ट्रांसफर के लिए उच्च शिक्षा विभाग के पोर्टल पर रिक्त पद देख सकेंगे।

इसके बाद ही आवेदन कर सकेंगे. ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद आवेदकों की सूची जारी की जाएगी. जिसके बाद मेरिट लिस्ट जारी कर जहां भीअ खाली पद होंगे, वहां पर अतिथि शिक्षकों को पदस्थापना दी जाएगी.

उच्च शिक्षा विभाग के इस फैसले से दूर दराज के अतिथि शिक्षकों को थोड़ी राहत मिलेगी. वे अपने गृह जनपद में शिक्षण कार्य कर सकेंगे. नोटिस के अनुसार, साप्ताहिक च्वाइस फिलिंग प्रक्रिया जो किसी कारण रुकी हुई थी वो भी प्रक्रिया शुरू होगी. इससे पिछले 2 वर्षो से फालेन आउट अतिथि विद्वानों को जॉइनिंग में आसानी होगी।

### 9वी से 12वीं की छमाही परीक्षा 29 से, ऑफलाइन मोड में होगी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में बोर्ड परीक्षाओ से पहले अब छमाही परीक्षाओं की तैयारी की जा रही है। स्कूलों के लगातार चलने के बाद अब छमाही परीक्षाएं ऑफलाइन मोड पर ली जाएंगी। 9वीं से लेकर कक्षा बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं की परीक्षा ऑफलाइन मोड पर कराने को लेकर तैयारियां शुरू हो गई ह। स्कूल शिक्षा विभाग सरकारी स्कूलों में कक्षा 9वी से कक्षा 12वीं तक की छमाही परीक्षाएं 29 नवंबर से आयोजित करने जा रहा है। प्रदेश भर में कक्षा 9वी से कक्षा बारहवीं तक की कक्षाएं 100 फ़ीसदी छात्र छात्राओं के साथ लग रही हैं. ऐसे में स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रिंसिपल को सौ फ़ीसदी स्टूडेंट्स की क्षमता के साथ परीक्षाएं लेने को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

### कांग्रेस सेवादल की राज्य स्तरीय बैठक कल भोपाल में

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल की राज्य स्तरीय बैठक का आयोजन गुरुवार 18 नवंबर को सुबह 10 बजे से प्रदेश कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन शिवाजी नगर भोपाल में किया गया है। मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष ठा. रजनीश हरवंश सिंह पूर्व विधायक की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ जी तथा अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के मध्यप्रदेश प्रभारी के के पांडे एवं कैलाश सोयल जी विशेष रुप से उपस्थित होकर अपना मार्गदर्शन देंगे। अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय लालजी देसाई के निर्देश पर आयोजित की जा रही इस एक दिवसीय बैठक में प्रदेश कांग्रेस सेवादल के कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश पांडे व हरिशंकर राय महिला विंग अध्यक्ष राजकुमारी रघुवंशी तथा यूथ विंग अध्यक्ष धर्मेंद्र भदोरिया के साथ ही सेवादल महिला सेवादल एवं यंग ब्रिगेड तीनों ही विंग के प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे।

### 2 घंटे में चकाचक हो गया 700 एकड़ में फैला जंबूरी मैदान

**भोपाल।** भोपाल के जिस जंबूरी मैदान पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सोमवार को कार्यक्रम हुआ वो 700 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है. इस मैदान पर 500 से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी. कार्यक्रम बढ़िया तरीके से निपट गया. दोपहर 3 बजे कार्यक्रम खत्म होते ही जैसे ही मोदी लौटे सम्मेलन में आए लोगों का भी लौटना शुरू हो गया. मैदान खाली होते ही सफाई कर्मचारी फौरन बिना देर किये अपने काम में जुट गए।




## अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में आत्म-निर्भर थीम पर है मध्यप्रदेश का मंडप

**भोपाल।** दिल्ली के प्रगति मैदान पर चल रहे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में मध्यप्रदेश ने निवेश और व्यापार बढ़ाने के लिए मध्यप्रदेश मंडप में बहुत कुछ खास है की तर्ज पर अनेक उत्पादों के साथ आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश की अवधारणा भी प्रस्तुत की गई है। यह 40वा भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 'आत्म-निर्भर भारत' की थीम पर केन्द्रित है, जिसका प्रमुख उद्देश्य निवेश और आत्म-निर्भरता को बढ़ावा देना है।

**आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश की अवधारणा:** आईआईटीएफ-2021 में आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के रोडमेप, कार्य-योजना एवं उपलब्धियों को दर्शाया गया है। इसमें विभिन्न विभागों, निगम एवं मण्डलों द्वारा अमूल्य सहयोग प्रदान किया गया है।

मध्यप्रदेश मण्डप में 'वोकल फॉर लोकल' एवं 'आत्म-निर्भर भारत' की परिकल्पना को साकार करने में सहभागिता की अपील की गई है।

इस बार मेले में मध्यप्रदेश मंडप का निर्माण 'आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश' की थीम पर किया गया है। मेले में व्यवसायियों के स्टाल के साथ राज्यों के पेवेलियन बनाए गए हैं।

## आयुष ग्रामों में भारतीय चिकित्सा पद्धति से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ाएं

### आयुष राज्य कांवरे ने मंत्रालय में की विभागीय गतिविधियों की समीक्षा

**भोपाल।** आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राम किशोर (नानो) कावरे ने विभागीय अधिकारियों को प्रदेश के चयनित आयुष ग्रामों में भारतीय चिकित्सा पद्धति से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ाये जाने के निर्देश दिये है। राज्य मंत्री ने विभाग में सीएचओ के पदों की भर्ती प्रक्रिया को भी निश्चित समय-सीमा में पूरा किये जाने के निर्देश दिये हैं।

आयुष विभाग में 362 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जारी है। राज्य मंत्री श्री कावरे आज मंत्रालय में विभागीय अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में प्रमुख सचिव प्रतीक हजेला, आयुक्त डॉ. ई. रमेश कुमार भी मौजूद थे।आयुष राज्य मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित आयुष औषधालयों में आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बैठक में बताया गया कि प्रदेश के 362 हेल्थ वेलनेंस सेंटर में हर्बल गार्डन विकसित किये गये है। इन गार्डनों में औषधीय पौधे लगाये गये हैं। जन-सामान्य को हर्बल गार्डन के माध्यम से औषधीय पौधों एवं उनके उपयोग के बारे में जानकारी दी जा रही है। राज्य मंत्री कावरे ने विभागीय अधिकारियों को आयुष चिकित्सा संस्थानों के समयबद्ध आकस्मिक निरीक्षण के लिये भी रोस्टर तैयार करने के निर्देश दिये।बैठक में बताया गया है कि प्रदेश के चयनित 75 आयुष ग्रामों में भारतीय चिकित्सा पद्धति के प्रचार-प्रसार के लिये सघन गतिविधियाँ चलायी जा रही है। इस वर्ष की नीट परीक्षा के रिजल्ट के अनुसार आयुष महाविद्यालयों में जल्द ही कॉउंसलिंग की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।



डेढ़ घंटे के सफर में 7 स्टॉपेज

## इंदौर-उज्जैन के बीच नई मेमू शुरू कम हुई 17 किलोमीटर की दूरी

**इंदौर।** मध्य प्रदेश में इंडियन रेलवे द्वारा लगातार सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है. पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा 8 साल पहले इंदौर से उज्जैन की दूरी कम होने के सपने को पूरा कर दिया गया है. इंदौर से उज्जैन के बीच वाया फतेहाबाद चन्द्रावतीगंज के बीच नई मेमू ट्रेन का संचालन शुरू कर दिया गया है।

बीते 15 नवंबर से इस ट्रेन का संचालन नियमित रूप से किया जा रहा है. अनारक्षित टिकट लेकर यात्री इस ट्रेन में सफर कर सकते हैं। इस नए रूट से सफर में 16.86 किलोमीटर की दूरी कम हो गई है. इससे यात्रियों का समय भी बच रहा है।

इंदौर से उज्जैन और उज्जैन से इंदौर के बीच शुरू की गई नई मेमू ट्रेन 1 घंटे 35 मिनट में अपना सफर पूरा कर रही है. इन दोनों स्टेशनों के बीच 7 अन्य स्टेशनों पर ट्रेन का स्टॉपेज रखा गया है।

फतेहाबाद-चंद्रावती खंड के बीच गेज परिवर्तन और विद्युतीकरण का काम पूरा होने के एक वर्ष बाद इस नए रूट पर ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया गया है।

पश्चिम रेलवे इस रूट पर एक जोड़ी नई मेमू ट्रेनों का संचालन कर रहा है. ये ट्रेनें उज्जैन-फतेहाबाद चंद्रवतीगंज खंड पर चलाई जा रही हैं।

मुख्यमंत्री राशन आपके ग्राम योजना के वाहन किए गए रवाना

## जनजातीय विकासखंडों में उपभोक्ताओं के घर पहुंचेगा अनाज

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राशन आपके ग्राम योजना में प्रदेश के जनजातीय बहुल 89 विकासखंड के लिए आज प्रथम चरण में 11 वाहन मंत्रालय परिसर से जिलों के लिए रवाना किए। योजना में दिसम्बर माह तक सभी जनजातीय बहुल विकासखंडों के लिए ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इस योजना के क्रियान्वयन से हमारे जनजातीय भाई-बहनों को बिना कष्ट के उनके ग्राम और घर तक आवश्यक अन्न उपलब्ध हो जाएगा। पूर्व में राशन की दुकान पर जाकर ही राशन लेना होता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को इस महत्वपूर्ण



योजना का शुभारंभ भोपाल में जनजातीय गौरव दिवस समारोह में किया है। यह योजना जनजातीय वर्ग के कल्याण की योजनाओं में एक नवीन योजना है, जो समय, ऊर्जा और धन की बचत की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है।

**- योजना एक नजर में:** मुख्यमंत्री राशन आपके ग्राम योजना में 20 जिलों की 4 हजार उचित मूल्य दुकानों से वितरित होने वाली राशन सामग्री वाहनों द्वारा जनजातीय वर्ग के उपभोक्ताओं तक पहुँचाई जाएगी।

### मजरों-टोलों तक पहुंचेगा अन्न वाहन

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि योजना में जो युवक दायित्व निभा रहे हैं, वे शासकीय सेवक न होकर जनजातीय वर्ग से ही चयनित किए गए हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कल डिण्डोरी के अनिल आर्मो और मण्डला के लक्ष्मी नारायण को जंबूरी मैदान भोपाल में हुए जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में वाहनों की चाबी सौंपी थी। योजना में जनजातीय वर्ग के युवाओं को वाहन के लिए शासन द्वारा ऋण गारंटी और मार्जिन मनी देने की व्यवस्था की गई है।



## अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में शामिल होने विधानसभा अध्यक्ष पहुंचे शिमला

**भोपाल।** 82 वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन शिमला में मंगलवार से प्रारंभ हुआ। 16 से 19 नवंबर तक चलने वाले इस सम्मेलन में शामिल होने के लिए मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष गिरीश गौतम शिमला पहुँचे। सम्मेलन में लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला, उप राष्टपति वैंकेया नायडू एवं भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित सभी राज्यों के विधानमंडलों के सभापति अध्यक्ष सम्मिलित होंगे।

मध्यप्रदेश विधानसभा के प्रमुख सचिव ए पी सिह भी सचिवों के सम्मेलन में शामिल होने शिमला पहुँचे है ।

# फिल्म राम सेतु के सेट पर लौटीं जैकलीन फर्नांडिज



जैकलीन फर्नांडिज काफी समय से फिल्म राम सेतु को लेकर चर्चा में हैं। अब सात महीने बाद फिर उन्होंने इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। जैकलीन ने सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें शेयर कर यह जानकारी दी है। इससे पहले अयोध्या में फिल्म को शूट किया जा रहा था, जहां टीम के कई सदस्य कोरोना से संक्रमित पाए गए थे। लिहाजा फिल्म की शूटिंग रोक दी गई थी।

जैकलीन फर्नांडिज ने अपनी दो तस्वीरें ट्विटर पर पोस्ट करते हुए लिखा, राम सेतु के सेट पर वापसी। इसके साथ उन्होंने एक हार्ट का इमोजी भी बनाया। उनकी इस तस्वीर पर राम सेतु में उनकी को-स्टार नुसरत भरूचा ने लिखा, बेहद खूबसूरत, वहीं, प्रशंसक भी जैकलीन की तस्वीरों पर खूब प्यार लुटा रहे हैं और उन्हें शूट के लिए शुभकामनाएं दे रहे हैं। जैकलीन फेस्टिव मूड से बाहर आ चुकी हैं और काम पर फोकस करने के लिए तैयार हैं।

अभिषेक शर्मा के निर्देशन में बन रही फिल्म राम सेतु में भारतीय संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत से जुड़ी कहानी को पर्दे पर लाया जाएगा। इस फिल्म में अक्षय कुमार पुरातत्त्वविद् का किरदार निभाएंगे। फिल्म में मर्यादा पुरुषोत्तम राम की कहानी दिखाई जाएगी। इसमें अक्षय के साथ जैकलीन फर्नांडिज और नुसरत भरूचा नजर आएंगी। नुसरत इसमें उनकी पत्नी की भूमिका में होंगी और जैकलीन, अक्षय की टीम मेंबर होंगी, जो मिशन राम सेतु में अक्षय की मदद करती हैं। इस फिल्म की घोषणा पिछले साल दीवाली के असवर पर हुई थी। अक्षय ने फिल्म का पोस्टर शेयर किया था। इसके साथ उन्होंने लिखा था, इस दीपावली, भारत राष्ट के आदर्श और महानायक भगवान श्री राम की पुण्य स्मृतियों को युगों-युगों तक भारत की चेतना में सुरक्षित रखने के लिए एक ऐसा सेतु बनाया, जो आने वाले पीढ़ियों को राम से जोड़ कर रखे। इसी प्रयास में हमारा भी एक छोटा संकल्प है राम सेतु। आपको दीपाध्वली की शुभकामनाएं। जैकलीन जल्द ही फिल्म अटैक में जॉन अब्राहम के साथ नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन लक्ष्य राज आनंद कर रहे हैं। वह निर्देशक रोहित शेट्टी की फिल्म सर्कस का भी हिस्सा हैं। इस फिल्म में उनके साथ रणवीर सिंह और पूजा हेगड़े दिखाई देंगी। इसके अलावा जैकलीन फिल्म बच्चन पांडे में भी नजर आएंगी। इस फिल्म में भी वह अक्षय कुमार के साथ नजर आने वाली हैं। हॉलीवुड फिल्म वुमेन्स स्टोरीज को लेकर भी जैकलीन चर्चा में हैं।

## करिश्मा तन्ना ने बॉयफ्रेंड वरुण से कर ली है सगाई



बॉलवुड हो या टीवी इंडस्ट्री, इस समय हर जगह शादी का सीजन चल रहा है. जहां एक तरफ विक्की कौशल और कैटरीना कैफ की शादी की खबरें सामने आ रही हैं वहीं अब टीवी एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना की सगाई की खबरें सामने आई हैं. रिपोर्ट्स की माने तो उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड वरुण बंगेरा ने सगाई कर ली है. रिपोर्ट के मुताबिक करिश्मा तन्ना कई महीनों से वरुण को डेट कर रही हैं और जल्द ही सेटल होने वाली हैं. वरुण एक रियल स्टेट बिजनेसमैन हैं और आज दोनों ने सगाई कर ली है. वरुण ने सोशल मीडिया पर जहां करिश्मा के साथ कोजी फोटो शेयर की है. वहीं करिश्मा ने एक केक की फोटो शेयर की है जिस पर कॉन्ग्रैचुलेशन लिखा हुआ है. ये फोटो करिश्मा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की है. रिपोर्ट के मुताबिक करिश्मा और वरुण की सगाई में परिवार वाले और कुछ खास दोस्त शामिल हुए हैं. करिश्मा और वरुण की मुलाकात एक कॉमन दोस्त सुवेद लोहिया के जरिए हुई थी. दोनों तभी से साथ में हैं. लंबे समय से दोनों एक दूसरे को डेट कर रहे हैं. साथ में समय बिताने से लेकर छुट्टियां साथ में बिताने जाते हैं दोनों. ये कपल अपने रिलेशनशिप को लेकर काफी सीरियस हैं. वह जल्द ही शादी के बंधन में बंध जाएंगे.

**वरुण का बर्थडे सेलिब्रेट किया था:** करिश्मा तन्ना ने इस साल अगस्त में बॉयफ्रेंड वरुण के लिए बर्थडे पार्टी होस्ट की थी. इस बर्थडे पार्टी में सारे खास दोस्त शामिल हुए थे. कुछ समय पहले करिश्मा तन्ना के पर्ल वी पुरी को डेट करने की खबरें सामने आईं थीं. दोनों का कुछ समय पहले ब्रेकअप हो गया था मगर दोनों आज भी अच्छे दोस्त हैं. वर्कफ्रंट की बात करें तो करिश्मा आखिरी बार फिल्म सूरज पे मंगल भारी में नजर आई थीं. उन्होंने फिल्म में स्पेशल डांस नंबर बसंती किया था. जिसके लिए उनकी काफी तारीफ की गई थी. करिश्मा कई रियलिटी शो का हिस्सा बन चुकी हैं. उन्होंने नच बलिए, बिग बॉस 8, झलक दिखला जा और खतरों के खिलाड़ी 10 में हिस्सा लिया है।

# दुल्हन बनने वाली हैं कुंडली भाग्य फेम श्रद्धा आर्या



धारावाहिक कुंडली भाग्य से घर-घर में लोकप्रिय हुई अभिनेत्री श्रद्धा आर्या भी जल्द ही शादी के बंधन में बंध जाएंगी। इन दिनों बॉलीवुड और छोटे पर्दे से जुड़े तमाम सितारों के शादी के बंधन में बंधने की खबरें आ रही हैं। अब भले ही श्रद्धा ने खुद अपनी शादी की खबरों पर कुछ नहीं कहा है, लेकिन कहा जा रहा है कि 16 नवंबर को उनके घर पर शहनाई बजने वाली है।

इस समय अंकिता लोखंडे की शादी को लेकर कई खबरें सामने आ रही हैं। अंकिता अपने बॉयफ्रेंड विक्की जैन संग अगले महीने सात फेरे लेने वाली हैं। उनकी खास दोस्त श्रद्धा आर्या भी शादी करने की प्लानिंग कर चुकी हैं।

रिपोर्टों के मुताबिक, श्रद्धा 16 नवंबर को शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि श्रद्धा ने राहुल नाम के एक शख्स से शादी करने का फैसला किया है, जो नेवी ऑफिसर हैं। कुंडली भाग्य से जुड़े सूत्र ने बताया कि श्रद्धा अपनी शादी से जुड़ी हर जानकारी सीक्रेट रखना चाहती हैं। कइयों को तो पता भी नहीं है कि वह किससे शादी कर रही हैं। उन्होंने दो हफ्ते की छुट्टी ली हुई है। शादी से पहले श्रद्धा ने हमारे साथ कल ही अपना आखिरी एपिसोड शूट किया है। शादी में सिर्फ कुछ खास लोग ही शामिल होने वाले हैं। श्रद्धा एक निजी समारोह में दुल्हनिया बनने वाली हैं।

श्रद्धा ने 2019 में नच बलिए में खुलासा किया था कि वह जालंधर के बिजनेसमैन आलम मक्कर को डेट कर रही हैं। हालांकि, नच बलिए 9 में आने के दो महीने बाद ही दोनों का ब्रेकअप हो गया था। 34 साल की श्रद्धा आर्या टीवी की उन अदाकाराओं में से हैं, जिनकी फैन फॉलोइंग जबरदस्त है। कुंडली भाग्य से पहले वह मैं लक्ष्मी तेरे आंगन की, तुम्हारी पाखी और ड्रीम गर्ल जैसे कई धारावाहिकों में दिख चुकी हैं, लेकिन कुंडली भाग्य में प्रीता के रोल में लोगों ने उन्हें भरपूर प्यार दिया। आज श्रद्धा आर्या का नाम टीवी की सबसे महंगी अदाकाराओं की लिस्ट में शामिल हैं।

# सुष्मिता सेन की 'आर्या 2' का टीजर हुआ रिलीज



आखिरकार इंतजार खत्म हुआ, आर्या के रोमांचक पहले सीजन के बाद राम माधवानी और सुष्मिता सेन ने इस वेबसीरीज के दूसरे सीजन के साथ वापसी की है. 'आर्या' का पहला सीजन हिट होने के बाद से लोग इसके दूसरे सीजन का इंतजार बेसब्री से कर रहे थे. एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर 'आर्या 2' से अपना पहला लुक शेयर किया है.

फैंस इस टीजर का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे. टीजर में एक्ट्रेस बहुत इंटेंस लुक में नजर आ रही हैं. उनका चेहरा लाल रंग के गुलाल में सना हुआ दिखाई दे रहा हैं, साथ ही चेहरे पर गुस्सा और तीखे तेवर साफ दिख रहे हैं. एक्ट्रेस का इंटेंस लुक उनके फैंस को बहुत पसंद आया है. इस सीरीज में सुष्मिता अपने दुशमनों से बदला लेती दिखेंगी. सुष्मिता ने फर्स्ट लुक शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, शेरनी वापस आ गई है. इस बार पहले से ज्यादा खतरनाक, आर्या पूरी तरह से तैयार है. इस सीजन में सुष्मिता सेन आर्या सरीन की भूमिका दोबारा निभाती नजर आएंगी जो खतरनाक तरीके से अपने दुश्मनों से लड़ती नजर आएंगी. सीरीज में सुष्मिता सेन के पति का किरदार चंद्रचूड़ सिंह ने निभाया था. राम माधवानी ने कहा, पहले सीजन में हमें जो प्यार और स्नेह मिला उस की वजह से हमने दूसरा सीजन बनाया है. इस वेब सीरीज को इंटरनेशनल एमी अवार्डस में बेस्ट ड्रामा सीरीज के नॉमिनेशन ने हमारे विश्वास को और बढ़ा दिया है. मैं आर्या के अगले सफर को प्रस्तुत करने के लिए बहुत उत्साहित हूं. आर्या अपने परिवार को जीवित रखने और बदला लेने के बीच संतुलन बनाकर रखने को मजबूर है।

## कारगिल में शूटिंग कर खुद को धन्य महसूस कर रही हैं परिणीति चोपड़ा



अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा इन दिनों कारगिल में अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग कर रही हैं। यह पहली बार है जब अभिनेत्री ने लद्दाख के बर्फ से ढके पहाड़ों के बीच शूटिंग के लिए यात्रा की है, और वह इस जगह से प्यार करती नजर आ रही है। अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए परिणीति ने कहा, मैं कारगिल में शूटिंग करने के लिए सम्मानित और उत्साहित महसूस कर रही हूं। मैं हमेशा यहां आना चाहती थी, क्योंकि मैं अपने पिता से कहानियां सुनकर बड़ी हुई हूं। हालांकि, सेट पर क्रू के लिए यह सब मजेदार नहीं है, क्योंकि सब-जीरो तापमान से परेशान हो रहे हैं। अभिनेत्री कहती हैं, तापमान बदलता रहता है। हमने कल -18 और -12 डिग्री में शूटिंग की और हमारी पानी की बोतलें जम गई थीं और हमारे सेट पर दाढ़ी वाले लोगों की दाढ़ी जमी हुई थी। साथ ही उन्होंने कहा, ठंड के उस स्तर को देखकर पागल हो गयी थी। मैंने अपने जीवन में पहले कभी उस तापमान का अनुभव नहीं किया है, लेकिन फिर भी एक अभिनेता के रूप में यहां और इन खूबसूरत भव्य स्थानों में शूटिंग करने के लिए रोमांचक महसूस होता है।

# बच्चों में भरपूर पानी पीने की आदत डालने के लिए अपनाएं ये तरीके



अगर आपके बच्चे को कम पानी पीने की आदत है तो जल्द से जल्द अपने बच्चे की इस आदत को सुधारने की कोशिश करें। दरअसल, इससे बच्चे के शरीर में पानी की कमी हो सकती है जिसके कारण उसे कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी टिप्स देते हैं जिन्हें अपनाकर माता-पिता अपने बच्चों में भरपूर पानी पीने की आदत डाल सकते हैं।

**बच्चे के पास हमेशा पानी से भरी बोतल रखें:** अगर आपका बच्चा कम पानी पीता है तो उसे रोजाना पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन कराने के लिए उसके पास हमेशा पानी से भरी एक बोतल रखें। बेहतर होगा कि आप इस काम के लिए रंगीन बोतल चुनें क्योंकि इससे बच्चा आकर्षित होगा और खुद ही बार-बार बोतल से पानी पीता रहेगा। यकीन मानिए बच्चों को यह तरीका बहुत पसंद आता है। आप भी अपने बच्चे को रोजाना भरपूर पानी पिलाने के लिए इसे अपना सकते हैं।

**पानी को आकर्षक बनाएं:** आकर्षक पानी की मदद से भी बच्चे को रोजाना भरपूर पानी पिलाया जा सकता है। पानी को आकर्षक बनाने के लिए इसमें स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी और पुदीने की पत्तियां मिलाएं। अगर आपके बच्चे को सिर्फ फलों का जूस पसंद है तो उसे पानी से पतला करके अपने बच्चे को पिलाएं। इसके अतिरिक्त आप चाहें तो जूस को आइस ट्रे में फ्रीज कर सकते हैं और क्यूब्स को सादे पानी में मिलाकर बच्चे को दे सकते हैं।

**पानी से भरपूर फल और सब्जियां दें:** कुछ फल और सब्जियों का सेवन बच्चों को आवश्यक पोषक तत्वों के साथ-साथ बड़ी मात्रा में पानी देने में भी मदद कर सकता है, इसलिए इन्हें बच्चे की डाइट में शामिल करना फायदेमंद सिद्ध हो सकता है। उदाहरण के लिए, कीवी, संतरा, खीरा और टमाटर जैसे खाद्य पदार्थों में भरपूर मात्रा में पानी मौजूद होता है। इसके अलावा आप कुछ सूप और जूस आदि को बच्चों की डाइट में शामिल करके भी उन्हें पानी की कमी से बचा सकते हैं।

**बच्चों में पानी पीने की होड़ लगाएं:** अगर आपका बच्चा पानी पीने में नखरे करता है तो आप उसे खेल-खेल में भरपूर पानी का सेवन करा सकते हैं। इसके लिए खुद के सामने और अपने बच्चे के आगे पानी से भरे गिलास रखें, फिर उसके साथ पानी पीने की होड़ लगाएं। इसके अलावा आप अपने घर के बच्चों में या बच्चों के दोस्तों के बीच में पानी पीने की होड़ लगवा सकते हैं।

# एक्सपायर हो चुके क्रेडिट कार्ड का इन बेहतरीन तरीकों से करें इस्तेमाल



जब क्रेडिट कार्ड एक्सपायर हो जाता है, तब यह किसी का काम का नहीं रहता और नए क्रेडिट कार्ड अप्लाई करने के बाद कई लोग उसे यूं ही इधर-उधर रख देते हैं। ऐसे में अगर आप चाहें तो इस एक्पायर्ड क्रेडिट कार्ड को कई बेहतरीन तरीकों से इस्तेमाल कर सकते हैं। चलिए आज हम आपको एक्सपायर क्रेडिट कार्ड को दोबारा इस्तेमाल करने के कुछ बेहतरीन आईडियाज के बारे में बताते हैं, जो यकीनन आपको भी काफी पसंद आएंगे।

### बुक मार्क की तरह करें इस्तेमाल

अगर आपके पास एक्सपायर क्रेडिट कार्ड है तो आप इसका इस्तेमाल बुक मार्क की तरह कर सकते हैं। अगर आप किताबें पढ़ने के शौकीन हैं तो आप एक बार में पूरी किताब न पढ़ पाने पर पन्ने को मोड़ देते होंगे या फिर उसे मार्कर आदि से हाइलाइट कर देते होंगे, लेकिन अब आपको ऐसा करने की जरूरत नहीं है। आप जहां पर भी अपनी रीडिंग खत्म करें, वहां पर क्रेडिट कार्ड को रख दें।

### ईयरफोन से लेकर चार्ज को व्यवस्थित करके रखने में करे मदद

ईयरफोन से लेकर चार्जर का इस्तेमाल करना आसान होता है, लेकिन जब इन्हें स्टोर करने की बात आती है तो इनकी तारें आपस में उलझ जाती हैं और कभी-कभी तो इससे वह अंदर से कमजोर हो जाती हैं और जल्द ही खराब हो जाती हैं। ऐसे में आप तारों को व्यवस्थित करके रखने के लिए क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल कर सकते हैं। बस हर बार इन तारों का इस्तेमाल करने के बाद आप उसे क्रेडिट कार्ड पर लपेटें।

### बन जाए रूलर

अगर आपको कोई भी आर्ट एंड क्राफ्ट का कुछ काम कर रहे हैं और आपको उस दौरान एक सीधी रेखा खींचनी है, लेकिन आपके पास रूलर नहीं है तो ऐसे में आप क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल कर सकते हैं। चूंकि इसके कार्नर एकदम सीधे होते हैं तो ऐसे में उसे बतौर रूलर इस्तेमाल करना एक अच्छा आईडिया है। यकीनन इससे एकदम सीधी रेखा खींचने में काफी मदद मिलेगी।

### स्क्रैपर की तरह करें इस्तेमाल

आप चाहें तो क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल एक स्क्रैपर के तौर पर भी कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, अगर फर्श पर पेंट जैसा कुछ चिपक गया है या फिर आपको फ्रिज से बर्फ को खुरचना है या फिर प्लेट पर खाना चिपक गया है तो ऐसे में क्रेडिट कार्ड आपके बेहद काम आ सकता है। बस आपको इतना करना है कि आप उस जगह पर इसे अच्छी तरह उस स्थान पर स्क्रैप करें।

## बिग बॉस 15 में खास मेहमान के रूप में नजर आएंगे रानी मुखर्जी और कार्तिक आर्यन



बिग बॉस 15 के वीकेंड का वार एपिसोड में रानी मुखर्जी और कार्तिक आर्यन शो में सेलिब्रिटी गेस्ट के तौर पर नजर आएंगे। रानी अपनी फिल्म बंटी और बबली 2 के प्रमोशन के लिए आ रही हैं। इसमें सैफ अली खान, रानी मुखर्जी, सिद्धांत चतुर्वेदी और शरवरी वाघ हैं। फिल्म का निर्देशन और लेखन वरुण वी शर्मा ने किया है। यह 2005 की फिल्म बंटी और बबली का सीक्वल है, जिसमें रानी के साथ अभिषेक बच्चन थे। दूसरी तरफ, कार्तिक आर्यन अपनी एक्शन-थ्रिलर फिल्म धमाका का प्रचार करते नजर आएंगे, जिसमें वह एक पत्रकार अर्जुन पाठक की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म में मृणाल ठाकुर और अमृता सुभाष भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। रानी और कार्तिक दोनों मेजबानों और प्रतियोगियों के साथ बातचीत करेंगे। वे अपनी आने वाली परियोजनाओं के बारे में बात करेंगे और कुछ यादें साझा करेंगे। जहां सप्ताह में राकेश बापट और अफसाना खान और उनके बाहर निकलने के आसपास बहुत सारी आश्चर्य और अजीब खबरें देखी गई, वहीं सप्ताहांत विशेष मेहमानों पर अधिक केंद्रित प्रतीत होगा।

# रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह का ट्रांजिट विजिट पर ग्वालियर आगमन

### ऊर्जा मंत्री श्री तोमर व सांसद श्री शेजवलकर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने की अगवानी

ग्वालियर। भारत के रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह का बुधवार को ट्रांजिट विजिट पर ग्वालियर आगमन हुआ। श्री राजनाथ सिंह प्रातः लगभग 10.15 बजे वायु मार्ग से वायुसेना एयरबेस महाराजपुरा पधारे।

एयरबेस पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर व सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने रक्षा मंत्री की अगवानी की। भाजपा जिला अध्यक्ष शहर श्री कमल माखीजानी व ग्रामीण श्री कौशल शर्मा तथा सर्वश्री जय सिंह कुशवाह, अभय चौधरी, महेन्द्र सिंह यादव , राकेश जादौन व श्री दीपक शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण रक्षा मंत्री के स्वागत के लिए पहुँचे थे। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक चंबल श्री राजेश चावला, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस उप महा निरीक्षक श्री राजेश हिंगणकर व पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी सहित वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।





महाराजपुरा एयरबेस पर जनप्रतिनिधियों से भेंट करने के बाद रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह हेलीकॉप्टर द्वारा झाँसी के लिए रवाना हुए।

### रक्षा मंत्री को जनप्रतिनिधियों ने दी विदाई

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह झाँसी कैंट में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद सायंकाल लगभग 4.45 बजे वायुसेना के हैलीकॉप्टर से वापस एयरबेस महाराजपुरा पहुंचे। यहां से उन्होंने वायुसेना के विमान से नईदिल्ली के लिये प्रस्थान किया। एयरबेस पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, पूर्व विधायक श्री मदन कुशवाह व श्री मुन्नालाल गोयल तथा श्रीमती समीक्षा गुप्ता, श्रीमती सुमन शर्मा, श्रीमती मीना सचान, सर्वश्री अशोक शर्मा, अशोक जैन, जितेन्द्र गुर्जर, दीपक शर्मा व मानसिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों ने रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह को विदाई दी। इस अवसर पर वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारी तथा कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री हितिका वासल सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## समाधान योजना का लाभ उठाएँ बिजली उपभोक्ता : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

### आस्थगित बिजली बिल के भुगतान के लिये समाधान योजना लागू

### 15 दिसंबर तक करें आवेदन

ग्वालियर। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि एक किलोवॉट तक के संयोजित भार वाले घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के देयकों की 31 अगस्त 2020 तक की मूल बकाया राशि एवं अधिभार की आस्थगित राशि के भुगतान में उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा ÷समाधान योजना÷ लागू की गई है। श्री तोमर ने उपभोक्ताओं से योजना में उपलब्ध 2 विकल्पों में से किसी एक विकल्प को चुनकर योजना का लाभ लेने का आग्रह किया है। उपभोक्ता इस योजना का लाभ 15 दिसम्बर 2021 तक वितरण कंपनी द्वारा निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर ले सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी के प्रकोप के कारण निम्न आय घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को विद्युत बिलों के भुगतान में आ रही कठिनाइयों के मद्देनजर एक किलोवॉट तक के संयोजित भार वाले घरेलू उपभोक्ताओं के बिलों की 31 अगस्त 2020 तक की मूल बकाया राशि एवं अधिभार की वसूली को आस्थगित किया गया था।

### आस्थगित राशि के भुगतान के लिये 2 विकल्प

उपभोक्ताओं को समाधान योजना में आस्थगित की गई राशि के भुगतान के लिये 2 विकल्प उपलब्ध कराये गये हैं। पहले विकल्प के रूप में आस्थगित मूल राशि का 60 प्रतिशत एकमुश्त भुगतान करने पर 100 प्रतिशत अधिभार की राशि और शेष 40 प्रतिशत मूल बकाया राशि माफ की जाएगी। दूसरे विकल्प के रूप में आस्थगित मूल राशि का 75 प्रतिशत, 6 समान किश्त में भुगतान करने पर 100 प्रतिशत अधिभार की राशि एवं शेष 25 प्रतिशत मूल बकाया राशि माफ की जाएगी। इन दोनों विकल्पों में माफ की जाने वाली 100 प्रतिशत अधिभार की पूरी राशि और माफ की गई मूल राशि का 50 प्रतिशत संबंधित विद्युत वितरण वितरण कंपनी द्वारा वहन किया जाएगा। माफ की गई मूल राशि का शेष 50 प्रतिशत राज्य शासन द्वारा वहन कर इसके एवज में वितरण कंपनी को सब्सिडी दी जाएगी।

### 30 दिन में करें आवेदनों का निराकरण

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने वितरण कंपनियों को निर्देशित किया है कि योजना में अंतिम तिथि 15 दिसंबर तक प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण 30 दिन में करना सुनिश्चित करें।

## कोरोना टीकाकरण महाअभियान के तहत जिले में लगभग 40 हजार लोगों को लगे मंगल टीके





ग्वालियर। कोरोना टीकाकरण महाअभियान के तहत बुधवार को ग्वालियर जिले में नागरिकगण उत्साहपूर्वक टीके लगवाने के लिये आगे आए। अभियान के तहत इस दिन सायंकाल 5 बजे तक लगभग 40 हजार लोगों ने मंगल टीके लगवाकर कोरोना से बचाव के लिये रक्षा कवच पहना। खबर लिखे जाने तक टीकाकरण का काम जारी था।

इस दिन जिले में लगभग 50 हजार पात्र नागरिकों को कोरोना से बचाव के प्रथम व द्वितीय डोज के टीके लगाने का लक्ष्य रखा गया था। पिछले दिनों के मुकाबले सोमवार का मौसम सर्द रहा। इसके बाबजूद लोगों ने उत्साहपूर्वक टीकाकरण में भाग लिया। टीकाकरण कार्य में क्राइसेस मैनेजमेंट ग्रुप के सदस्यगण, जनप्रतिनिधिगण, धर्मगुरू, सामाजिक व व्यापारिक संगठन और शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों ने अपने-अपने स्तर पर सहयोग दिया।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह द्वारा टीकाकरण कार्य में लगाई गई 400 से अधिक स्थायी टीमों ने टीकाकरण केन्द्रों पर कोरोना वैक्सीन लगाने का काम किया, वहीं 269 मोबाइल टीमों ने घर-घर दस्तक देकर टीकाकरण का काम किया।

## राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल 19 नवम्बर को ग्वालियर आयेंगे

### कृषि विश्वविद्यालय एवं आईटीएम यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में होंगे शामिल

ग्वालियर। मध्यप्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल 19 नवम्बर को ग्वालियर प्रवास पर आयेंगे। राज्यपाल इस दिन सायंकाल 7.40 बजे शताब्दी एक्सप्रेस से ग्वालियर पहुँचेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल 20 नवम्बर को प्रातः 11 बजे राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। साथ ही अपरान्ह 3 बजे आईटीएम यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे।



राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल 21 नवम्बर को प्रातः 9.20 बजे ग्वालियर स्टेशन पहुँचकर शताब्दी एक्सप्रेस द्वारा भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगे।

## जब तक बाजार के अंतिम छोर पर खडे अंतिम व्यक्ति को भी नहीं मिलेगा पीएम स्वनिधि का ऋण, तब तक जारी रहेगें शिविरः ऊर्जा मंत्री श्री

ग्वालियर। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने तानसेन नगर स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया एवं पंजाब नेशनल बैंक के सहयोग से लगाये गए प्रधानमंत्री स्वनिधि ऋण वितरण कार्यक्रम में कहा कि जब तक बाजार के अंतिम छोर पर ठेला लगाने वाले अंतिम व्यक्ति को भी ऋण मिल नही मिल जाता तब तक इसी प्रकार केम्प आयोजित कर ऋण वितरण का कार्य किया जाएगा।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने ऋण वितरण कार्यक्रम में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के 40, पंजाब नेशनल बैंक के 65 एवं सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के 102 हितग्राहियों को 10 हजार व 20 हजार का ऋण वितरण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गरीब भाई बहनों के व्यापार करने के लिए बिना ब्याज दिए लोन मिले, इसकी चिंता प्रधानमंत्री जी व मुख्यमंत्री जी ने की उसी का परिणाम है कि आपको बैंकों से बिना ब्याज के लोन मिल रहा है। इसके साथ ही आपके द्वारा समय पर पूरा पैसा जमा किया जाता है तो आप 20 हजार व 50 हजार का लोन भी आसानी से ले सकते हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आपको निशुल्क इलाज मिले इसके लिए सिविल अस्पताल में सभी व्यवस्थाओं को सुदृण किया गया है। डेंगू के मरीज भी अब सिविल अस्पताल में भर्ती हो रहे हैं। इसके साथ ही सोनोग्राफी पुनः प्रारम्भ हो चुकी है।



उल्लेखनीय है कि नगर निगम ग्वालियर के द्वारा हाथ ठेला एवं पथ कर विक्रेताओं के ऋण के प्रकरण प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के अंतर्गत बनाकर नगर निगम द्वारा बैंको को भेजे जाते है। उसके बाद बैंक वेरिफिकेशन करके लोन हितग्राही को वितरित करती है। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने कहा कि सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्व निधि योजना में लोन लेने पर आपको जन धन योजना, मातृ वंदना योजना आदि योजनाओं का लाभ स्वतः ही मिल जाता है। साथ ही कहा कि पात्र हितग्राही ज्यादा से ज्यादा लोन के लिए आवेदन




## संभागीय आयुक्त एवं निगमायुक्त ने किया आदर्श मील रोड कचरा ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश





ग्वालियर। संभागीय आयुक्त एवं निगम प्रशासक श्री आशीष सक्सैना एवं नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने आज बुधवार को आदर्श मील रोड स्थित कचरा ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

निरीक्षण के दौरान संभागीय आयुक्त श्री सक्सैना ने निर्देश दिए कि केदारपुर लेण्डफिल साइट पर कचरे की प्रोसेसिंग प्रारंभ हो चुकी है तथा अब सभी कचरा ट्रांसफर स्टेशन से कचरा लेण्डफिल साइट पर भेजने का कार्य तेजी से करें। इसके साथ ही अन्य कचरा ट्रांसफर स्टेशनों से भी कचरा नियमित लेण्डफिल साइट पर भेजें, जिससे कचरा प्रोसेसिंग का कार्य तेजी से हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि कचरा संग्रहण वाहनों की क्षमता का पूर्ण उपयोग हो यह संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें। संभागीय आयुक्त श्री सक्सैना ने निर्देश दिए कि सूखा, गीला, बायो मेडीकल इत्यादि विभिन्न प्रकार के कचरे का सेग्रकेशन सोर्स स्थल पर हो यह अधिकारी सुनिश्चित करें तथा सभी डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहनों में टिव्वीन बिन होना चाहिए और सभी प्रकार के कचरे को रखने की अलग अलग व्यवस्था हो यह अधिकारी सुनिश्चित करें तथा प्रत्येक घर से कचरा सूखा व गीला अलग अलग करके ही लिया जाए। इसके लिए आम नागरिकों को जागरुक करें और बार-बार समझाने पर भी नहीं मानें तो जुर्माने की कार्यवाही भी करें।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478